भोपाल। सोमवार 23 सितंबर 2024 | वर्ष - 13 | अंक-338 | पृष्ठ-08 | मूल्य-03 रु.

भोपाल, इंदौर, ग्वालियर और जबलपुर से एक साथ प्रकाशित

डाक पंजीयन क्रमांक : म.प्र./भोपाल/4-538/2024-26

स्वतंत्र समय

डेढ़ करोड़ रुपए होगी लागत, नासिक से बुलाए कारीगर, 22 गेज की चादर चढ़ाई जाएगी

150 किलो चांदी से बनेगा माँ बम्लेश्वरी मंदिर का दरवाजा

स्वतंत्र समय, राजनांदगांव

डोंगरगढ़ में पहाड़ी पर स्थापित विश्व प्रसिद्ध मां बम्लेश्वरी (बमलई) मंदिर में डेढ़ क्विंटल वजनी चांदी का दरवाजा लगेगा। नवरात्र पर्व के पहले पुराने दरवाजे को निकालकर नया दरवाजा लगा दिया जाएगा। इसकी लागत लगभग डेढ़ करोड़ रुपए होगी। दरवाजे पर लगाए जाने वाली चांदी की चादर की मोटाई 22 गेज की होगी, जिसे रायपुर में तैयार कराया गया है।

इसे लकड़ी के ऊपर नई डिजाइन के साथ चढ़ाया जाएगा। इसके लिए महाराष्ट्र के नासिक से छह कारीगरों की टीम डोंगरगढ़ पहुंच गई है। एक-दो दिन में काम शुरू करा दिया जाएगा। ऊपर मंदिर में लगभग 17 वर्ष पहले करीब 60 किलो वजनी चांदी का दरवाजा लगवाया गया था, जो पुराना होने के कारण टूट-फूट गया है। उसी दरवाजे को बदला जाना है। पुराने दरवाजे की चांदी का उपयोग उसे गलाकर अन्य जगह किया जाएगा।

दिया जा रहा प्राचीनतम स्वरूप

नए दरवाजे में आकर्षक डिजाइन बनवाई जा रही। इसमें धार्मिक चिन्हों के अतिरिक्त अन्य तरह की कलाकारी भी रहेगी। चांदी की चादर शनिवार को रायपुर से पहुंच गई। अब उसे प्रेस कर साइज से काटी जाएगी। दूसरी तरफ, नीचे वाले बम्लेश्वरी मंदिर को प्राचीनतम स्वरूप दिया जा रहा है। मंदिर के सामने वाले भाग में बिछाए गए गुलाबी पत्थर की पालिश भी कराई जा रही है। उसे केमिकल से लेमीनेट कर चमकाया जाएगा। पिलरों में नक्काशी कर देवी-देवताओं की आकृति भी उकेरी जा रही है। साथ ही गुंबज वाले हिस्से में जीर्णोद्धार का जो काम शेष रह गया था, उसे भी पूरा कराया जा रहा है। पत्थरों वाला काम ओडिशा के 20 कलाकार कर रहे हैं।

साज-सज्जा कराई जा रही

नवरात्र पर्व के पहले ऊपर व नीचे, दोनों मंदिर की साज-सज्जा कराई जा रही है। ऊपर मंदिर वाला चांदी का दरवाजा नया बनवाया जा रहा है। डेढ़ क्विंटल चांदी लगेगी। इसमें लगभग डेढ़ करोड़ रुपए का खर्च आएगा, जिसका वहन ट्रस्ट करेगा। एक-दो दिन में काम शुरू होगा। पर्व के पहले अधिकतम काम कराने का प्रयास है। बाकी बाद में होगा।

मनोज अग्रवाल,
अध्यक्ष, मां बम्लेश्वरी ट्रस्ट, डोंगरगढ़

पीएम मोदी का नाम भूले बाइडेन, अफसर के इशारे पर मोदी खड़े हुए

एजेंसी, वॉशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन शनिवार को डेलावेयर में क्वाड समिट के बाद एक कार्यक्रम में पीएम नरेंद्र मोदी का नाम भूल गए। इस दौरान स्टेज पर पीएम मोदी, ऑस्ट्रेलियाई पीएम एंथनी अल्बनीज और जापानी पीएम फुमियो किशिदा भी मौजूद थे। सर्वाइकल कैंसर से जुड़े कार्यक्रम को संबोधित करने के बाद बाइडेन, पीएम मोदी को स्टेज पर आमंत्रित करने के लिए उनका नाम पुकारने वाले थे, लेकिन इस मौके पर वे उनका नाम ही भूल गए। वे करीब 5 सेकेंड तक मोदी का नाम याद करने की कोशिश करते रहे। याद न आने पर बाइडेन ने खुद ही वहां खड़े अफसर से चिल्लाकर पूछा कि आगे किसे बुलाया जाना है? इसके बाद वहां मौजूद एक अफसर पीएम मोदी की तरफ इशारा करते हैं। इस पर मोदी कुर्सी से उठ जाते हैं। इसके बाद एक स्टाफ उन्हें मंच पर बुलाता है। फिर मोदी बाइडेन के पास जाकर उनसे हाथ मिलाते हैं। इस दौरान दोनों ही नेता मुस्कुराते नजर आए। यह पहली बार नहीं है जब अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडेन किसी का नाम भूल गए। जुलाई में हुई नाटो की मीटिंग में उन्होंने यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की को पुतिन कह दिया था। कुछ ही देर बाद उन्होंने उपराष्ट्रपति कमला हैरिस को डोनाल्ड ट्रम्प कहा था।

तीसरी आंख

एडवांस ब्रिज तकनीक सीखने बेंगलुरु जाएंगे 6 इंजीनियर

अगले महीने रिटायरमेंट... सरकारी खर्चे पर सेमीनार में होंगे शामिल

स्वतंत्र समय, भोपाल

पीडब्ल्यूडी विभाग के प्रमुख अभियंता आरके मेहरा, मुख्य अभियंता सेतू परिक्षेत्र भोपाल जीपी वर्मा सहित 6 इंजीनियर 25 सितंबर से बेंगलुरु में होने जा रहे एडवांस ब्रिज मैनेजमेंट की तकनीक सीखने के लिए जा रहे हैं, जबकि ईएनसी आरके मेहरा का अगले महीने 31 अक्टूबर को रिटायरमेंट है और वर्मा दो साल बाद रिटायर होंगे। यदि सरकार रिटायरमेंट आयु नहीं बढ़ाती तो वह भी नवंबर में रिटायर हो जाते।

रिटायरमेंट की तिथि नजदीक आने के बाद भी इंजीनियरों को ब्रिज की एडवांस तकनीक की ट्रेनिंग देने सरकारी खर्च पर भेजने के पीछे सरकार की मंशा स्पष्ट नहीं हुई है। क्योंकि रिटायर होने के बाद इंजीनियरों के अनुभव का लाभ सरकार को नहीं मिल पाएगा। आरके मेहरा को ट्रेनिंग पर भेजने के पीछे कही सरकार की मंशा उन्हें संविदा नियुक्त देने की तो नहीं है। वैसे पीडब्ल्यूडी के मुखिया का पद पाने के लिए अधीक्षण यंत्रियों की कतार लगी हुई है। विभाग में रेगुलर चीफ इंजीनियर नहीं हैं और अधिकांश चीफ इंजीनियर अधीक्षण यंत्री है, जिन्हें प्रभारी चीफ इंजीनियर पदस्थ कर रखा है। इसकी वजह आठ साल से अफसरों को पदोन्नति का लाभ नहीं मिला है और इसके लिए मप्र सरकार जिम्मेदार है।

48 हजार खर्च करेगी सरकार

25 से 27 सितंबर तक बेंगलुरु में होने जा रहे एडवांस ब्रिज मैनेजमेंट सेमीनार में भाग लेने वाले ईएनसी आरके मेहरा, सीई जीपी वर्मा तथा कार्यपालन यंत्री कीर्ति चौधरी को सरकार 9 हजार रुपए प्रत्येक के मान से 27 हजार रुपए का भुगतान करेगी। वहीं, सहायक यंत्री शबाना रज्जाक, श्रुति सक्सेना और उपयंत्री संजय सक्सेना पर 7-7 हजार रुपए के हिसाब से 21 हजार रुपए का भुगतान इंजीनियरों को करेगी। इसकी मंजूरी भी विभाग ने 20 सितंबर को जारी कर दी है।

पहले भी होते रहे हैं सेमीनार

रतीय सड़क कांग्रेस द्वारा साल में दो से तीन सेमीनार और प्रशिक्षण आयोजित किए जाते हैं। यह इंटरनेशनल सेमीनार बेंगलुरु में 25 से 27 सितंबर तक के लिए आयोजित किया गया है। इसका विषय एडवांस ब्रिज मैनेजमेंट है। इसके पहले बिहार, मुंबई और इंदौर में भी सड़कों के सुधार तथा एडवांस तकनीक के गुर सीखने इंजीनियरों को बुलाया गया, लेकिन ट्रेनिंग लेने के कुछ समय बाद ही उस इंजीनियर का तबादला कर दिया जाता है। इसके पहले एडवांस ब्रिज मैनेजमेंट की ट्रेनिंग संजय खार्डे सहित अन्य अफसरों को दी गई, लेकिन अब वे दूसरे काम संभाल रहे हैं।

इस्तीफे पर केजरीवाल बोले... लांछन के साथ नहीं जी सकता

स्वतंत्र समय, नई दिल्ली। *आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने रविवार को दिल्ली के जंतर-मंतर पर जनसभा की। उन्होंने 2011 में हुए अन्ना आंदोलन और पहली बार चुनाव जीतने की घटना का जिक्र किया। कहा- हम पहली बार में ही ईमानदारी के दम पर सत्ता में आ गए। इस्तीफे पर केजरीवाल ने कहा- सत्ता और कुर्सी का लालची नहीं हूं। भाजपा ने भ्रष्टाचारी और चोर कहा तो दुख हुआ। लांछन के साथ कुर्सी तो क्या सांस भी नहीं ले सकता हूं, जी भी नहीं सकता। अगला दिल्ली चुनाव मेरी अग्नि परीक्षा है, अगर ईमानदार लगूं तो ही वोट देना। आप संयोजक ने संघ प्रमुख मोहन भागवत से 5 सवाल पूछे और कहा- जब 75 साल में लालकृष्ण आडवाणी, मुरली मनोहर जोशी और कलराज मिश्र जैसे नेताओं को रिटायर कर दिया तो ये नियम मोदी पर लागू क्यों नहीं। अमित शाह कह रहे हैं कि मोदी पर लागू नहीं होगा। भागवत जी जवाब दीजिए।*

मप्र में आर्मी ट्रेन डिरेल करने की साजिश, ट्रैक पर डेटोनेटर बिछाए

स्वतंत्र समय, नई दिल्ली

देश के 3 राज्यों में ट्रेन पलटने की साजिश की गई। हालांकि, तीनों जगहों पर ही लोको पायलट ने साजिश को नाकाम कर दिया। मध्य प्रदेश के बुरहानपुर में सेना के जवानों को ले जा रही ट्रेन में विस्फोट की कोशिश की गई थी। यह घटना 18 सितंबर की है।

रेलवे सूत्रों ने बताया कि बुरहानपुर के नेपानगर में रेलवे ट्रैक पर डेटोनेटर बिछाए गए। हालांकि, ट्रेन के पहुंचने से पहले ही कुछ डेटोनेटर फूट गए। इससे रेलवे अधिकारी अलर्ट हो गए और स्टेशन पर ट्रेन रुकवा दी गई। यूपी के कानपुर में प्रेमपुर स्टेशन के पास ट्रैक पर एक छोटा सिलेंडर रखा मिला। गुड्स ट्रेन के लोको पायलट ने सिलेंडर देखते ही इमरजेंसी ब्रेक लगाकर ट्रेन को 10 फीट पहले ही रोक लिया। पंजाब के बठिंडा में रेलवे ट्रैक पर सरियों का बंडल रख दिया गया। इसे देखकर मालगाड़ी के लोको पायलट ने इमरजेंसी ब्रेक लगा दिया, जिससे हादसा टल गया। बिहार के मुजफ्फरपुर में शनिवार रात मुजफ्फरपुर-समस्तीपुर रेल लाइन के बीच इंजन के कुल 6 चक्के पटरी से उतर गए। शुरूआती जांच में लोको पायलट और पॉइंट मैन की लापरवाही सामने आई है।

कानपुर में फिर ट्रैक पर मिला सिलेंडर, पंजाब में पटरी पर सरिया रखा

ट्रेन पलटने के लिए 10 डेटोनेटर रखे गए

प्रदेश के बुरहानपुर से आर्मी की ट्रेन गुजरने वाली थी। ट्रेन खंडवा से होते हुए तिरुवनंतपुरम जा रही थी। इसमें आर्मी के अफसर, कर्मचारी और काफी अस्लहा मौजूद था। रेलवे सूत्रों के मुताबिक, सागफाटा के पास ट्रैक पर 10 डेटोनेटर करीब एक से डेढ़ फीट की दूरी पर रखे गए थे। सूचना मिलने पर ट्रेन को सागफाटा में रोक दिया गया और ट्रेन डिरेल करने की साजिश नाकाम हो गई

मंत्री के समर्थन से बेखौफ... अपने आप को बताया दाऊद का बाप

कन्फेक्शनरी माफिया जैसवानी ने कर्मचारी को धमकाया!

स्वतंत्र समय, इंदौर

कन्फेक्शनरी माफिया संजय जैसवानी का एक और विवादित मामला सामने आया है। स्वयं को 'दाऊद का बाप' कहने वाले जैसवानी ने हाल ही में अपने कर्मचारियों को फोन पर धमकाते हुए कहा कि वह किसी से नहीं डरते क्योंकि उनके पास मंत्री का समर्थन है। जैसवानी अपने आप को शक्तिशाली बताते हुए स्वयं पर कोई भी कार्रवाई करने वालों को बर्बाद करने की धमकियां दे रहे हैं।

जैसवानी पर कई उद्योगपतियों के खिलाफ छापे डलवाने और उन्हें जेल भिजवाने के गंभीर आरोप लगे हैं, लेकिन इस बार उन्होंने सीधे अपने कर्मचारियों को निशाना बनाया। एक कर्मचारी के अनुसार, जैसवानी ने फोन पर उससे कहा-मैंने कई लोगों को जेल भिजवाया है, तुम्हारी भी बारी आएगी। मेरे खिलाफ बोलने की हिम्मत मत करना, वरना जमीन से उठवा दूंगा। संजय जैसवानी की हिम्मत इतनी बढ़ी हुई है कि वह खुलेआम खुद को मंत्रियों का करीबी बताते हैं और किसी भी कानूनी कार्रवाई से बचने का दावा करते हैं। मंत्री के प्रभाव के कारण ही संजय को पुलिस गिरफ्तार नहीं कर रही है। उस पर अपने चार्टर्ड अकाउंटेंट को बंधक बनाकर मारपीट का आरोप है। मामले में लसूड़िया पुलिस ने एफआईआर दर्ज की थी।

रशियन नागरिक की बिस्किट फैक्टरी पर कब्जा

संजय जैसवानी का नाम हाल ही में तब सुर्खियों में आया जब उन्होंने रशियन नागरिक गौरव अहलावत की जीआरवी बिस्किट फैक्टरी पर कब्जा कर लिया। आरोप है कि जैसवानी ने कई कर्मचारियों को धमकाते हुए फैक्टरी की संपत्तियों को अपने कब्जे में ले लिया। इसके बाद फैक्टरी में भगदड़ मच गई और कई श्रमिक वहां से भाग गए। रसिया के नागरिक गौरव ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ग्लोबल इन्वेस्टर सबमिट के दौरान इंदौर की गरीबी बिस्कुट फैक्ट्री में किया था करोड़ों रुपए का इन्वेस्टमेंट।

आईटी और जीएसटी के छापे डलवाए

जैसवानी ने खुद को एक ऐसे शख्स के रूप में पेश किया है जो अपने कर्मचारियों और विरोधियों को जेल भिजवाने का इतिहास रखता है। उसने कहा-मैंने 300 फैक्टरी वालों पर रेड कराई है, आईटी और जीएसटी के छापे डलवाए हैं, अगर मेरे खिलाफ कुछ किया तो तुम्हारा भी यही हाल होगा। उसके खिलाफ पहले से ही कई उद्योगपतियों और व्यापारियों ने आरोप लगाए हैं कि वह अपने प्रभाव का इस्तेमाल करके कारोबारियों को बर्बाद कर रहा है। उसके धमकी भरे रवैये और मंत्रियों से करीबी संबंधों ने उसे और भी खतरनाक बना दिया है।

उद्योग जगत में मची खलबली

संजय जैसवानी की इस धमकी भरी कार्रवाई ने उद्योग जगत में एक बार फिर से खलबली मचा दी है। मंत्री के समर्थन से बेखौफ जैसवानी खुलेआम कानून को चुनौती दे रहे हैं, जिससे उनके खिलाफ शिकायत करने वालों में डर का माहौल है। यह देखना होगा कि इस मामले में पुलिया क्या कदम उठाती है और क्या जैसवानी के खिलाफ कोई कार्रवाई होती है।

सार-संक्षिप्त

चलती ट्रेन से टकराकर बुजुर्ग घायल, डायल 100 ने अस्पताल पहुंचाया

स्वतंत्र समय, सागर। थाना खुरई क्षेत्र में रेल्वे फाटक नंबर 08 गढला नाका के पास एक बुजुर्ग व्यक्ति ट्रेन से टकरा कर घायल हो गया है, पुलिस सहायता की आवश्यकता है। उक्त सूचना राज्य स्तरीय पुलिस कंट्रोल रूम डायल 100 भोपाल में प्राप्त हुई। सूचना प्राप्ति पर खुरई थाना क्षेत्र में तैनात डायल 100 वाहन को तत्काल मदद के लिए रवाना किया गया। डायल 112/100 स्टाफ आरक्षक प्रभु दयाल पायलेट ललित लिटोरिया ने घटना स्थल पर पहुंच कर बताया कि मोहनलाल पिता मुन्ना लाल उम्र 58 वर्ष निवासी खुरई चलती ट्रेन से टकरा कर गंभीर रूप से घायल हो गये थे। जवानों द्वारा तत्काल घायल व्यक्ति को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खुरई पहुंचाया गया जहां से प्राथमिक उपचार के बाद सागर रेफर किया गया। डायल 100 जवानों की तत्परता से घायल बुजुर्ग को समय पर उपचार मिला।

सूने मकान में सेंध लगाकर नगदी ले भागे चोर

स्वतंत्र समय, सागर। मकरोनिया थाना क्षेत्र अंतर्गत दीनदयाल नगर स्थित एक सूने मकान में सेंध लगाकर चोर नगदी लेकर फरार हो गए। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। पुलिस के अनुसार फरियादी विद्यासागर उपाध्याय उम्र 60 साल निवासी दीनदयाल नगर मकरोनिया ने थाने में आकर शिकायत की कि वह शासकीय कन्या हाई स्कूल में प्राचार्य के पद पर पदस्थ हैं। रोजाना की तरह सुबह 10 बजे ड्यूटी पर स्कूल गया था। बच्चे भी अपनी नौकरी पर चले गए। पत्नी मायके गई हुई थी। घर पर ताला लगा था। शाम को ड्यूटी पूरी कर घर पहुंचा। घर का ताला खोलकर पहली मंजिल पर गया। जहां देखा कि कमरों में सामान बिखरा पड़ा है। टेबिल की ड्राजे खुली हैं। ड्राज में रखे नकद 15 हजार रुपए नहीं मिले। एक ड्राज टूटी हुई बाथरूम के दरवाजे के पास पड़ी थी। इसके साथ ही दूसरे कमरे में जाकर देखा तो वहां कपड़े बिखरे पड़े थे। चोर घर में रखे नकद रुपए लेकर गए है। वारदात सामने आते ही पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची। एफएसएल टीम ने वारदात स्थल से साक्ष्य एकत्रित किये हैं। मकरोनिया पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर मामला जांच में लिया है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज जांच रही है।

विश्व के सर्वश्रेष्ठ वैज्ञानिकों की सूची में केंद्रीय विवि के 5 शिक्षक शामिल

स्वतंत्र समय, सागर। डॉ हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय सागर के 05 शिक्षकों को विश्व के सर्वश्रेष्ठ 02 प्रतिशत वैज्ञानिकों की 2024 की सूची में स्थान मिला है। स्टेनफोर्ड विश्वविद्यालय, अमेरिका और एल्सिवियर पब्लिशर्स द्वारा 16 सित बर 2024 को 02 प्रतिशत श्रेष्ठ वैज्ञानिकों की सूची जारी की गई है जिसमें डॉ हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय के फॉर्मेसी विभाग के प्रो. एसपी व्यास, प्रो. संजय कुमार जैन, माइक्रोबायोलोजी विभाग के अध्यक्ष एवं निदेशक, अकादमिक गतिविधियां प्रो. नवीन कानगो, रसायन विभाग के अध्यक्ष प्रो. एपी मिश्रा और क्रिमिनोलॉजी एवं फोरेंसिंक साइंस विभाग की डॉ. वंदना विनायक शामिल हैं। इस सूची को विज्ञान के 22 क्षेत्रों और 174 उपक्षेत्रों से संबंधित वैज्ञानिकों के डाटाबेस एवं एल्सिवियर प्रकाशन और स्कोपस के विश्व स्तर के साइटेशन डेटाबेस के क पोजिट स्कोर के आधार पर तैयार किया जाता है। इस सूची में विश्वविद्यालय के कई पूर्व शिक्षक एवं पुरा छात्र, जो देश विदेश विभिन्न संस्थाओ में कार्यरत हैं, भी शामिल हैं। विश्वविद्यालय के शिक्षकों की इस उपलब्धि पर कुलपति प्रो. नीलिमा गुप्ता ने बधाई दी है और हर्ष व्यक्त किया है।

सदस्यता अभियान के के लिए भाजपा की बैठक संपन्न

स्वतंत्र समय, बिलहरा। नगर के मुख्य बस स्टैंड पर भाजपा सदस्यता अभियान को लेकर कार्यकर्ताओं बैठक आयोजित की गई जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर कार्यकर्ताओं को प्रदेश कार्य समिति सदस्य जयप्रकाश चतुर्वेदी शामिल हुए। उन्होंने कार्यकर्ताओं को पार्टी का सदस्य बनाने घर घर जाकर लोगों से संपर्क स्थापित करने की बात कही। नगर परिषद के अध्यक्ष प्रतिनिधि रमेश चढ़ार ने सदस्य बनाने की प्रक्रिया से कार्यकर्ताओं को अवगत कराया। बैठक को राघव सिंह कुसुमगढ़ ने भी संबोधित किया। बैठक में प्रमुख रूप से लखन चौबे, हेमंत चौबे, मनीष गुरु, मनीष गर्ग, मृगेंद्र गर्ग, अशोक मिश्रा, नपा अध्यक्ष कमलेश रानी, रमेश कुमार अध्यक्ष प्रतिनिधि, जितेंद्र सिंह पार्षद प्रतिनिधि, पूर्व जिला पंचायत सदस्य मंडल अध्यक्ष संतोष पटेल, गोविंद विश्वकर्मा, सोनू पटेल, अंसार खान, रंजीत खटीक, जोरावल अहिरवार, रमेश अहिरवार आदि मौजूद रहे।

गोपालगंज थाना क्षेत्र में पुलिस ने पकड़ा ऑनलाईन सट्टा खिलाने वाला गिरोह

सटोरियों से 1 करोड़ सहित 13 पासबुक और 26 एटीएम जब्त

स्वतंत्र समय, सागर

मोतीनगर थाना पुलिस ने ऑनलाईन सट्टा खिलाने वाले एक युवक को पकड़ा। पूछताछ में युवक ने अपने सहयोगियों के साथ एक मकान में बड़े स्तर पर सट्टा खिलाने की जानकारी दी। पुलिस ने युवक द्वारा बताए गए स्थान पर तत्काल दबिश देकर ऑनलाईन सट्टा खिलाने वाले पूरे गिरोह को धरदबोचा। पकड़े गए आठ सटोरियों में सात भिलाई छत्तीसगढ़ के रहने वाले है। आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने 13 पासबुक, 26 एटीएम, 22 मोबाइल, 3 लैपटॉप जप्त किए हैं। आरोपियों को थाने लाकर पूछताछ की जा रही है। पूछताछ में आरोपियों का नेटवर्क इंदौर में भी मिला है। जिसका पता लगाने सागर पुलिस की टीम इंदौर गई हुई है। मामले का एक मुख्य आरोपी फरार है। जिसकी पुलिस तलाश कर रही है। मोतीनगर थाना प्रभारी जसवंत सिंह राजपूत ने बताया कि मुखबिर से प्राप्त सूचना पर ऑनलाईन सट्टा खिलाते हुये संकेत पिता संतोष जैन उम्र 34 साल निवासी शास्त्री वार्ड हनुमान मंदिर के पास को पकड़ा। पूछताछ करने पर शनिचरी में बड़े स्तर पर ऑनलाइन सट्टा खिलाए जाने की बात कही। उसने बताया कि किराए के कमरे में रहकर ऑनलाइन वेबसाइट के माध्यम से अलग-अलग खेलों पर सट्टा लगाया जा रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने शनिचरी स्थित मकान पर दबिश दी।

जहां से आनलाईन वैबसाइट के माध्यम से अवैध सट्टा संचालित करने वाले इम्तियाज पिता मुमताज रयान उम्र 27 साल निवासी भिलाई पावर हाउस थाना छावनी जिला दुर्ग छत्तीसगढ़, तुक्केश्वर पिता राजेश कुमार साहू उम्र 19 साल निवासी वृंदावन नगर कैम्प 01 भिलाई थाना वैशाली नगर जिला दुर्ग छत्तीसगढ़, मोहम्मद आफताब पिता मोहम्मद एनूल उम्र 20 साल निवासी कैम्प 01 भिलाई पावर हाउस थाना छावनी जिला दुर्ग छत्तीसगढ़, कबीर पिता दीपक कुमार कोरी उम्र 22 साल निवासी कैंप नंबर 1 सुखेलो थाना छावनी जिला दुर्ग छत्तीसगढ़, निखिल कुमार पिता सुभाष प्रसाद महतो उम्र 20 साल निवासी भिलाई पावर हाउस के पास बसंत टाकिज थाना छावनी जिला दुर्ग छत्तीसगढ़, गोलू उर्फ निखिल पिता मंगलदास सतनामी उम्र 21 साल निवासी कैंप नंबर 1 रोड 18 भिलाई थाना छावनी जिला दुर्ग छत्तीसगढ़, मोहम्मद जावेद पिता शेख कमरुद्दीन उम्र 20 साल निवासी बसंत टाकीज के पीछे थाना छावनी जिला दुर्ग छत्तीसगढ़, विशाल पिता हरीशंकर साहू उम्र 37 साल निवासी विजय टॉकीज देवरा काम्पलेस सागर बताया। पकड़े गए आरोपियों ने पूछताछ में आनलाईन वैबसाइट के माध्यम से अवैध सट्टा खिलाने की बात स्वीकार की तथा फर्जी तरीके से दो से तीन गुना लाभ देने की लालच देकर सट्टा लगाने के लिए प्रलोभित कर सट्टा का संचालन करना बताया। आरोपियों के कब्जे से 22 मोबाईल फोन, 03 लैपटॉप, 19 पासबुक, 13 चेकबुक, 26 एटीएम कुल संपत्ति कीमती करीबन 05 लाख रूपये की जप्ती की गई। आरोपियों धारा 318(4)319(2), 61(2) भारतीय न्याय संहिताए 3/4 सट्टा एक्ट के तहत कार्यवाही कर गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपियों से एटीएम, पासबुक के खातों आदि की विस्तृत पूछताछ की जा रही है। घटना का मुख्य आरोपी अमन जैन निवासी नमक मण्डी थाना कोतवाली सागर का फरार है जिसकी तलाश की जा रही है। पुलिस के अनुसार आरोपियों के कब्जे से एक करोड़ रुपए का हिसाब किताब बरामद किया गया है। जिसके संबंध में जांच की जा रही है।

गोपालगंज पुलिस अपने क्षेत्र में चल रहे अवैध सट्टे से थी बेखबर

मोतीनगर पुलिस की कार्रवाई में पकड़े गए सटोरिए लंबे समय से गोपालगंज थाना क्षेत्र के शनिचरी में किराए का कमरा लेकर ऑनलाइन सट्टा खिला रहे थे। मुख्य सटोरियों के गुर्गे शहर में लिंक और अन्य माध्यमों से लोगों से सट्टा लगवा रहे थे। लेकिन गोपालगंज पुलिस को इसकी खबर भी नहीं लगी। इसी बीच एक सटोरिया मोतीनगर पुलिस के हाथ लगा। पूछताछ में उसने ऑनलाइन सट्टा का खुलासा किया। जिसके बाद मोतीनगर थाना प्रभारी जसवंत सिंह राजपूत ने गोपालगंज थाना क्षेत्र के शनिचरी इलाके में टीम के साथ पहुंचकर दबिश दी और 8 सटोरियों को धरदबोचा। मोतीनगर पुलिस की इस कार्रवाई ने गोपालगंज पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवालिया निशान लगा दिए हैं।

शक के आधार पर जुआ पकड़ने पहुंची पुलिस को देखकर दहशत में आए व्यक्ति की मौत

स्वतंत्र समय, सागर। गढ़ाकोटा में व्यक्ति की मौत पर जमकर हंगामा हो गया। मृतक के परिजनों ने रविवार दोपहर सड़क पर शव रखकर चक्काजाम करते हुए पुलिस के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। परिजनों का कहना कि पुलिस जुआ पकड़ने के लिए मोहल्ले में आई थी, लेकिन वह मृतक के घर में घुस गई। जहां मृतक से गाली गलौज की। उसके पीछे पुलिस दौड़ी। जिससे मृतक घबराकर जमीन पर गिर गया। परिजन उसे अस्पताल लेकर गए जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मामले में परिजनों एवं समाज के लोगों ने पुलिसकर्मियों के खिलाफ हत्या का प्रकरण दर्ज करने और मृतक के परिजनों को आर्थिक सहायता दिलाने की मांग की है। परिजन एवं सामाज के लोग गढ़ाकोटा थाना प्रभारी पर विश्वास ना जताते हुए पुलिस अधीक्षक सागर को बुलाने पर अड़ गए जिसके बाद अनुविभागीय अधिकारी रहली मौके पर पहुंचे। परिजनों ने एसडीओपी को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। जानकारी के अनुसार शनिवार को शक के आधार पर शिवाजी वार्ड निवासी बबलू पिता भगवानदास यादव उम्र 45 साल के घर पर पुलिस ने दबिश दी। बबलू घर पर थे। पुलिस उनके पीछे दौड़ी तो वह भागे। तभी वह घबराकर गिर गए। घटना में बबलू की मौत हो गई। मौत का कारण हार्ट अटैक बताया जा रहा है। इसी घटना के विरोध में रविवार दोपहर परिवार वालों ने पोस्टमार्टम के बाद शव सड़क पर रखकर चक्काजाम कर दिया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और समझाइश देकर लोगों को शांत कराया। लेकिन वह एसपी को मौके पर बुलाने की मांग को लेकर अड़ गए। काफी समझाइश के बाद परिवार वालों ने एसडीओपी प्रकाश मिश्रा को अपना ज्ञापन सौंपा। जिसमें पुलिस कर्मियों पर एफआईआर दर्ज करने और पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता दिलाने की मांग की। आश्वासन के बाद वे माने और शव लेकर अंतिम संस्कार के लिए रवाना हुए। मृतक के भतीजे भरत यादव ने बताया कि पुलिस घर आई थी। दरवाजे पर लात मारी और गालीगलौज करने लगे। वह अंदर आ गए। चाचा के पीछे दौड़े। चाचा घबराकर जमीन पर गिर गए। जिससे उनकी मौत हो गई। परिवार के लोगों का आरोप है कि कहीं और जुआ चल रहा था। लेकिन पुरानी बुराई के चलते पुलिस हमारे घर आ गई। उन्होंने कहा कि पुलिसकर्मियों ने चाचा से 50 हजार रुपए की भी मांग की थी।

किसान ने पटवारी पर लगाया धोखाधड़ी करने का आरोप

स्वतंत्र समय, मालथौन



किसान ने पटवारी पर धोखाधड़ी कर जमीन का बंटबारा करने का आरोप लगाया है। उसने सीएम हेल्पलाइन 181 और एसडीएम के यहां शिकायत की है। मालथौन के पलेथिनी निवासी किसान हरपाल सिंह परमार ने मांदरी मौजा पटवारी पर धोखाधड़ी कर जमीन का बंटवारा करने का आरोप लगाते हुए बताया कि पटवारी ने मांदरी के ढिमरयई मौजा के खसरा 191 की शामिल खाते की जमीन का बिना सूचना के बंटवारा कर दिया। मुझसे कोरे कागज पर दो लोगो के समक्ष दस्तखत करा लिए, पटवारी ने बुलाकर हमसे कहा नक्शा पर लाल स्याही कर देते है दूसरी जमीन के मामले में। उसी कागज पर हमारी सहमति बनाकर बंटवारा कर दिया, किसी प्रकार की सूचना न कोई इश्तहार दिया। मुझे जब इसकी जानकरी लगी तो हमने नकल निकलवाई उसमें पता चला कि फर्जी तरीके से कर दिया। मेरे पिताजी तीन भाई थे पहले फर्द बंटबारा हुआ करते थे, वह अपने हिस्से की जमीन पहले बेच चुके हैं। पटवारी ने मेरे चाचा मंगलसिंह से पंद्रह हजार रुपये की रिश्वत लेकर बंटबारा कर दिया। इस मामले किसान ने सीएम हेल्पलाइन 181 और एसडीएम के यहा अपील की हैं। इस सम्बंध में हल्का पटवारी का मोबाइल पर पक्ष जानने की कोशिश की तो उनसे संपर्क नहीं सका।

पुलिया के नीचे मिला युवक का शव

स्वतंत्र समय, खुरई। खुरई शहरी थाना क्षेत्र के खिमलासा रोड स्थित मुहली की पुलिया के नीचे रविवार की सुबह एक युवक का शव मिला। युवक का सर कीचड़ में धंसा हुआ था। घटना की जानकारी मिलते ही शहरी पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। जानकारी के अनुसार खुरई शहरी थाना क्षेत्र के खिमलासा रोड पर मुहली की पुलिया के नीचे एक शव पड़ा हुआ था। शहरी थाना पुलिस ने पहुंचकर शव को बाहर निकाला तो मृतक की पहचान पास में ही रहने वाले भोले पिता बालचंद रैकवार उम्र 35 वर्ष निवासी ऋषभ कुमार वार्ड खुरई के रूप में हुई। स्थानीय लोगों ने बताया कि भोले रैकवार अत्यधिक शराब पीने का आदि था। अनुमान लगाया जा रहा है कि नशे की हालत में पुलिया के नीचे गिरने से सर कीचड़ में धंसने के कारण मौत हुई होगी। शहरी थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवाया है। मृतक के पड़ोसी रामरतन राय ने बताया कि सुबह जानकारी मिली कि पड़ोस में रहने वाला भोले रैकवार का शव पुलिया के नीचे पानी में पड़ा हुआ है। युवक की मौत कैसे हुई है इसका कारण अज्ञात है। घटना की जानकारी तत्काल पुलिस को दी थी।

फुटपाथ पर अतिक्रमण करने एवं गंदगी फैलाने वाले दुकानदारों पर होगी चालानी कार्रवाई: निगमायुक्त

निगमायुक्त ने शहर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने किये जा रहे कार्यों का लिया जायजा

स्वतंत्र समय, सागर

नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री ने स्वच्छता ही सेवा अभियान 2024 अंतर्गत नगर निगम द्वारा शहर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने के लिए किए जा रहे विभिन्न कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सिविल लाइन एवं तहसीली में दुकानदारों को फुटपाथ पर दुकान न लगाने और साफ सफाई रखने की समझाइश दी। उन्होंने कहा कि कचरा एवं गंदगी फैलाने पर संबंधित दुकानदार पर चालानी कार्रवाई की जाएगी। निगमायुक्त ने सिविल लाइन, तहसीली, तिली चौराहा, संजय ड्राईव, तीन मढिया, पीली कोठी सहित अन्य स्थानों पर किए जा रहे कार्यों की प्रगति का निरीक्षण किया। उन्होंने उपयंत्री, उद्यान प्रभारी महादेव सोनी को निर्देश दिए कि शहर में जिन जिन स्थानों पर पौधारोपण किया जाना है वहां पर पौधारोपण के लिए पर्याप्त जगह हो तथा जिन स्थानों पर मकानों का मलवा पड़ा है उस स्थान पर सफाई कराकर पौधारोपण किया जाए तथा मु य मार्गो के पेड़ पौधों की कटाई छंटाई कार्य तेजी से कराएं। उन्होंने कहा कि सभी निर्माण एजेंसी अपने कार्य को शीघ्र पूर्ण करें जिससे आवागमन में नागरिकों को परेशान न होना पड़े। निगमायुक्त ने पीटीसी ग्राउंड मु य गेट के आसपास एक हाईमास्ट लगाने तथा जिन स्थानों पर पेवर ब्लॉग उखड़ गए हैं उनको ठीक करने के निर्देश दिए।

स्वच्छता के प्रति नागरिकों को किया जा रहा जागरूक: शासन के आदेशानुसार 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक प्रारंभ किए गए स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा अंतर्गत नगर निगम के विभिन्न वार्डों में पार्षदों की उपस्थिति में विभिन्न स्थानों पर साफ सफाई एवं अन्य गतिविधियां की जा रही है तथा अपने शहर को स्वच्छ रखने के लिए जागरूक किया जा रहा है। नगर निगम के सफाई मित्रों द्वारा दिन एवं रात की पाली में मु य मार्गो की सफाई एवं फागिंग की जा रही है तथा सड़क किनारे सी एंड डी वेस्ट की सफाई का कराई जा रही है। शहर के सभी सार्वजनिक शौचालयों की सफाई कराई जा रही है तथा चौराहों के सौंदर्यीकरण एवं पौधारोपण किया जा रहा है। नगर निगम और रेमकी की टीम वार्डों में घर-घर जाकर लोगों को कचरा पृथक्कीकरण की जानकारी देकर अपने घर के आसपास स्वच्छता रखने के लिए जागरूक कर रही है तथा घरों एवं दुकानों से निकलने वाले सूखे एवं गीले कचरे को अलग-अलग डस्टबिन में कचड़ा गाड़ी को देने के लिए जानकारी दी जा रही है।

डिप्लोमा इंजीनियर्स एशोसियेशन ने इंजीनियर्स डे मनाया

स्वतंत्र समय, सागर। मप्र डिप्लोमा इंजीनियर्स एशोसियेशन जिला सागर ने इंजीनियर्स डे के उपलक्ष्य में मकरोनिया स्थित एक होटल में विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित कर उत्साह पूर्वक मनाया। सर्वप्रथम मुख्य अतिथि इंजी. एमएस ठाकुर अधीक्षण यंत्री, विशिष्ट अतिथि इंजी. आरके यादव कार्यपालन यंत्री और विशेष आमंत्रित अतिथिगण सेवानिवृत्त इंजी. व्हीके मिश्रा, इंजी. एचजी चौरसिया, इंजी. आरके विश्वकर्मा, इंजी. डीके तिवारी व इंजी. आरके दीक्षित ने भारत रत्न सर इंजी. मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया के चित्र पर माल्यार्पण तथा तिलक लगाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। एशोसियेशन के जिला अध्यक्ष इंजी. अभिलाष राय और इंजी. गुरुकुल प्रभाकर ने अतिथियों का शॉल, श्रीफल और गिफ्ट देकर स्वागत किया। आयोजन में शामिल सभी अभियंताओं का भी पुष्पहार और तिलक लगाकर व गिफ्ट देकर स्वागत किया गया। मंच संचालन इंजी. एनके विश्वकर्मा ने किया। इस अवसर पर विभिन्न रोचक प्रतियोगिताएं जैसे फिल्मी क्विज, बॉल फैंको, बैलून उछालते हुए गिलासों का पिरामिड बनाना आदि की गई। जिसमें बड़ी संख्या में उपस्थित महिला व पुरुष अभियंताओं और उनके परिवारजनों ने हिस्सा लिया। अंत में सामूहिक स्नेह भोज हुआ। कार्यक्रम के दौरान इंजीनियर अभिलाष राय,इंजी. गुरुकुल प्रभाकर, पीएस पटेल,एन के विश्वकर्मा, आदि उपस्थित थे।

भाग्योदय तीर्थ में सामूहिक क्षमावाणी महोत्सव आयोजित

स्वतंत्र समय, सागर

सकल जैन समाज सागर की सामूहिक क्षमावाणी का आयोजन भाग्योदय तीर्थ परिसर में मुनि पुंगव श्री सुधा सागर जी महाराज के सानिध्य मे किया गया। कार्यक्रम में मुख्य आयोजक के रूप में सागर विधायक शैलेंद्र कुमार जैन, अनुश्री जैन उपस्थित थे।

सर्वप्रथम विधायक जैन एवं श्रीमती जैन ने बड़े बाबा एवं आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के चित्र का अनावरण कर दीप प्रज्वलन किया। क्षमावाणी महोत्सव को पूज्य गुरुदेव मुनि श्री सुधा सागर जी महाराज ने कहा कि जिंदगी को बंदीगी में बदलना ही जिंदगी है। जिंदगी को चाहो तो निंदनीय बना दो और अगर चाहो तो वंदनीय बना दो। सारी चीजें व्यक्ति के व्यक्तित्व पर निर्भर करती हैं। यदि हमारे घर में कोई आ रहा हो और हम उनके लिए भोजन बनाएं तो वह हमारा कार्य है और आने वाले का कोई पता नहीं है तब भी भोजन बनाएं उसे ही दान कहा जाता है। मेरा पुण्य मेरी साधना यदि मेरे और मेरे परिवार के काम आए यह कोई बड़ी बात नहीं है लेकिन यदि मेरा पुण्य और मेरी साधना किसी दूसरे के काम आ सके तभी उसकी सफलता है तभी आपका पुण्य और आपकी साधना सार्थक है।

पितरों का तर्पण करने से मिलती है मुक्ति

स्वतंत्र समय, नरयावली। इन दिनों पितरों की आराधना का पर्व चल रहा है इस दौरान पूर्वजों की आत्मा की शांति के लिए उनके परिवार एवं सदस्यों द्वारा नदी एवं तालाब पहुंचकर तर्पण किया जा रहा है। लोग सुबह से ही बड़ी सं या में नदी एवं तालाब जाते हैं और तर्पण करते हैं। शास्त्रों के अनुसार भागवत का पाठ करने से पितरों को शांति मिलती है। मान्यता है कि इन दिनों पूर्वज धरती पर आते हैं काग, गाय तथा अन्य जीवों के लिए दाना पानी दिए जाने के अलावा ब्राह्मणों को भोजन कराकर यथाशक्ति दक्षिणा दिए जाने की परंपरा का निर्वाहन किया जाता है। इस प्रक्रिया में पितरों का आदर सत्कार शामिल होता है। शास्त्र में उल्लेख है कि किसी भी व्यक्ति की कुंडली में यदि पितृ दोष है तो उसे अनेक परेशानियों का सामना करना पड़ता है इसके निवारण के लिए पूजा करने का विधान है।

म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल सागर

भवन/भूखण्ड हस्तान्तरण/नामान्तरण हेतु सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मण्डल कॉलोनी पं दीनदयाल नगर सागर में स्थित ढाचा भवन क्रमांक 182 मण्डल द्वारा श्रीमति शांति बाई तिवारी पति श्री रामकुमार को आवंटित किया गया था। जिसका भाड़ाक्रय आधार पर नामान्तरण श्री देवेन्द्र कुमार सोलंकी पिता श्री मोतीलाल सोलंकी के नाम से किया गया। जिसका विक्रय विलेख मण्डल द्वारा 28.07.2015 को निष्पादित कराया गया। श्री देवेन्द्र कुमार सोलंकी पिता श्री मोतीलाल सोलंकी द्वारा उक्त ढांचा भवन पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 25.01.2017 के माध्यम से श्री वीरेन्द्र सिंह लोधी पिता श्री घूमन सिंह लोधी को विक्रय किया गया। श्री वीरेन्द्र सिंह लोधी पिता श्री घूमन सिंह लोधी द्वारा उक्त ढाचा भवन पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 05.07.2023 के माध्यम से श्रीमति जानकी यादव पति श्री दरबारी लाल यादव को विक्रय किया गया। श्रीमति जानकी यादव पति श्री दरबारी लाल यादव द्वारा भूखण्ड/भवन स्वयं के नाम से नामान्तरित करने हेतु आवेदन/दस्तावेज इस कार्यालय में प्रस्तुत किया गया है। यदि किसी व्यक्ति को संस्था या हित रखने वाले वैद्य व्यक्ति को हस्तान्तरण/नामान्तरण बावत् आपत्ति हो तो इस सूचना के प्रकाशन होने से **15 दिवस** के अन्दर लिखित में वैद्य आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि के पश्चात हस्तान्तरण/नामान्तरण की कार्यवाही कर दी जावेगी। जिस पर किसी का कोई दावा मान्य नही होगा।

सम्पति अधिकारी, म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, सागर

खेत पर झूल रहे बिजली के तार को हटाने के लिए दिया था आवेदन, कंपनी ने किया अनदेखी

बिजली कंपनी की लापरवाही से गई युवक की जान, 1 करोड़ रुपए मुआवजे की मांग

गुस्साए लोगों ने खेत में बैठकर दिया धरना, दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग

अशोकनगर। शाढ़ौरा थाना क्षेत्र के ग्राम मढ़ी कानूनगो में एक 32 वर्षीय युवक की करंट लगने से मौत हो गई। परिजनों और ग्रामीणों का आरोप है कि युवक को करंट विद्युत वितरण कंपनी के लापरवाह अधिकारी-कर्मचारियों और प्रशासन की लापरवाही के कारण लगा है इसलिए दोषियों पर कार्यवाही होनी चाहिए और मृतक के परिजन को एक करोड़ रुपये का मुआवजा दिया जाना चाहिए।

बिजली के एक झूलते तार से उसे करंट लगा

32 वर्षीय सुमेद पुत्र सूरत सिंह कुशवाह अपनी पत्नि के साथ शनिवार की सुबह चारा काटने के लिए खेत पर पहुंचा था। करीब 10 बजे चारा काटने के बाद जब सुमेद घास का गट्ठा अपने सिर पर रखकर घर की ओर आ रहा था तो बिजली के एक झूलते तार से उसे करंट लग गया। घटना की जानकारी तुरंत सुमेद की पत्नि ने आसपास मौजूद लोगों को बताई। इसके बाद परिजन मौके पर पहुंचे और सुमेद को गुना लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। रविवार को ग्रामीणों ने खेत में बैठकर धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान विधायक हरिबाबू राय, कांग्रेस जिलाध्यक्ष शहर राजेन्द्र कुशवाह सहित ग्रामीण मौजूद थे।

सीएम हेल्पलाइन पर भी की शिकायत, नहीं हुई कार्यवाही

ग्रामीणों ने बताया कि बिजली के झूलते तारों के बारे में ग्रामीणों ने स्थानीय विद्युत वितरण कंपनी के कार्यालय में आवेदन दिया है इसके अलावा 181 पर भी शिकायत की थी लेकिन कोई सुधार नहीं हुआ। जिस जगह हादसा हुआ है वहां लटकता हुआ तार सडक़ से ही दिखाई देता है। क्षेत्र में बिजली के तार सात से आठ फीट की ऊंचाई पर लटके हुए हैं। अधिकारी यहां से निकलते हैं लेकिन सुधार नहीं करवाते हैं। खेत में प्रदर्शन कर रहे ग्रामीणों ने बताया कि अधिकारी और कर्मचारियों की लापरवाही से सुमेद की जान गई है, प्रशासनिक अधिकारियों से बात हुई उन्होंने चार लाख मुआवजा देने की बात बताई है लेकिन चार लाख का मुआवजा तो आकस्मिक दुर्घटना में दिया जाता है यहां तो जानबूझकर की गई लापरवाही से जान गई है इस कारण हमारी शासन-प्रशासन से मांग है कि सुमेद के परिजनों को एक करोड़ मुआवजा दिया जाए।

पलक झपकते ही दिनदहाड़े मोबाइल चोरी, सीसीटीवी में कैद हुई वारदात

पलक झपकाते ही इलेक्ट्रॉनिक दुकान से मोबाइल ले गया चोर

स्वतंत्र समय संवाददाता, खिलचीपुर। एक दुकान से एक युवक पलक झपकाते ही मोबाइल की चोरी कर ले गया। चोरी की घटना दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई, वीडियो फुटेज में एक युवक काउंटर पर रखे मोबाइल को चुराकर ले जाते हुए भी नजर आ रहा है, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। दुकानदार ने मोबाइल चोरी की शिकायत खिलचीपुर थाने में की है। जानकारी के मुताबिक नगर में बस स्टैंड जाने वाली मिर्ची गली में स्थित राजू साहू वार्ड 15 में स्थित अपनी साहू इलेक्ट्रिकल की दुकान में बैठे हुए थे। उनका मोबाइल काउंटर पर ही रखा था, वहां जैसे ही कुछ सामान लेने के लिए चंद कदमों की दूरी पर पीछे गए। तभी चोरी की फिराक में दुकान के सामने खड़ा एक युवक उनका मोबाइल उठाकर चला गया।दुकानदार राजू साहू ने बताया कि घटना के कुछ देर बाद जब उन्हें अपना मोबाइल नहीं मिला तो उन्होंने दुकान में लगे ष्टष्टञ्जङ्क कैमरे देखा, इस दौरान वीडियो में उन्हें एक अज्ञात युवक उनका 22 रू हजार का वीवो कम्पनी का मोबाइल चुराते हुए दिखा। उन्होंने यहां-वहां मोबाइल चुराने वाले युवक की तलाश की और फिर जब आरोपी नहीं मिला तो मैं खिलचीपुर थाने पहुंचा और पूरा घटनाक्रम बताते हुए मोबाइल चोरी की शिकायत दर्ज करवाई।

मंडी में सोयाबीन आवक का हुआ श्री गणेश, चार हजार रूपए प्रति क्विंटल बिकी पहली ट्राली

ब्यावरा /सुठालिया। रविवार को ब्यावरा रोड़ स्थित मंडी में एक ट्राली सोयाबीन से श्रीं गणेश हुआ। मंडी से प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार सुनील गुप्ता की एक ट्राली सोयाबीन को श्रीराम ट्रेडर्स रुपेश अग्रवाल ने 4001 रुपए प्रति क्विंटल भाव मे खरीदा हैं। हर वर्ष सीज़न में दो हजार बोरी से अधिक की आवक रहतीं हैं

गरबा अभ्यास में मनाया अंतर्राष्ट्रीय शांति दिवस

ब्यावरा। अंतर्राष्ट्रीय शांति दिवस, जिसे विश्व शांति दिवस के नाम से भी जाना जाता है। इसका उद्देश्य विश्व में शांति, अहिंसा और लोगों के बीच मेल मिलाप को बढ़ावा देना है। वैश्विक स्तर पर चल रहे तनाव को देखते हुए इसका महत्व समय के साथ बढ़ गया है। लोग इस दिन विभिन्न कार्यक्रमों और गतिविधियों के माध्यम से शांति का संदेश फैलाते हैं। विशेष तौर पर युवा पीढ़ी को इसका महत्व समझना बहुत जरूरी है। इसी बात को ध्यान में रखते हुए रास- गरबा का आयोजक संस्था द्रव्य सखी क्लब एवं रिदम एंड ब्लॉसम ग्रुप द्वारा गरबा अभ्यास के दौरान बच्चों के साथ इस विश्व शांति दिवस का अयोजन किया।

उप स्वास्थ्य केन्द्रों में दो दिवसीय शिविर का आयोजन

गर्भवती महिलाओं की जांच कर दी जानकारी

ईसागढ़। प्रधानमंत्री पीवीटीजी बसाहटों के परिवारों के लिए रविवार को सहरिया गर्भवती माताओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। जिले के उप स्वास्थ्य केन्द्रों में 21 एवं 22 सितम्बर को शिविर का आयोजन किया गया। कलेक्टर सुभाष कुमार द्विवेदी ने शिविरों के सफल संचालन के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किये थे। जयवंत शाक्य उपयंत्री नगर पालिका चन्देरी ने उपस्वास्थ्य केंद्र ग्राम फुटेरा पछार पहुंचकर शिविर का जायजा लिया। शिविर में हिमोग्लोबिन, ग्लूकोस, बीपी, वजन, हाईट, मलेरिया की जांच की गई। उच्च जोखिम वाली महिला मोहर बाई को जिला चिकित्सालय में रेफर किया गया। इस दौरान जन अभियान परिषद विकास खंड ईसागढ़ के सेक्टर क्रमांक 4 की नवांकुर संस्था अक्षरपीठ द्वारा महिलाओं को गुड़, चना, टीईएचआर का वितरण किया गया। शिविर में नवांकुर संस्था अक्षरपीठ शिक्षा समिति के अध्यक्ष कुमार संभव, एएनएम निधि श्रीवास्तव, सीएचओ प्रीति सोनी, आंगनबाड़ी से विमला शर्मा, आशा सविता श्रीवास्तव, सहायिका राजवती अहिरवार, सामाजिक कार्यकर्ता अरविंद श्रीवास्तव उपस्थित रहे।

अशोकनगर में हुआ रजक समाज का प्रांतीय सम्मेलन, प्रदेशभर से जुटे समाज के प्रतिनिधि

अशोकनगर। अखिल भारतीय रजक महासंघ का प्रांतीय सम्मेलन अशोकनगर में आयोजित किया गया था। रविवार को आयोजित इस कार्यक्रम में प्रदेशभर से समाज के प्रतिनिधि एवं महासंघ के पदाधिकारी आए हुए थे। मंगल रेसीडेंसी में आयोजित कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा समाज से एकजुट होने की अपील की गई। साथ ही अखिल भारतीय रजक महासंघ द्वारा समाज की बेहतरी के लिए जो कार्य किए गए हैं उनके बारे में बताया गया। प्रांतीय सम्मेलन के मुख्य अतिथि संजीव रजक थे जो कि राष्ट्रपति से सम्मानित हैं एवं राष्ट्रीय संयोजक निन्शक्तजन आयुक्त कमिश्नर हैं ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बताया कि हम अपनी मांगें शासन-प्रशासन के समक्ष तभी प्रभावी ढंग से रख सकते हैं जब हम सब एक हों। एकता में बड़ी ताकत होती है। संगठन द्वारा रजक समाज को अनु.जाति में शामिल करने की मांग लगातार की जा रही है। अब हम नए सिरे से इस मांग को शासन-प्रशासन के समक्ष उठाएंगे लेकिन इसके पहले हम अपना संगठन मजबूत करेंगे और तहसील स्तर तक संगठन को मजबूती से खड़ा करेंगे। उन्होंने बताया कि हमारा समाज एक है लेकिन सरकार से उसे दो वर्गों में बांट दिया है प्रदेश के सीहोर जिले में हम एससी वर्ग में आते हैं और अन्य जिलों में ओबीसी में। हमारी मांग है कि हमें एससी वर्ग में रखा जाए। संभागीय अध्यक्ष अशोक रजक नेताजी ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। उन्होंने इस कार्यक्रम की रूपरेखा बनाई थी एवं प्रदेशभर के समाज बंधुओं को अशोकनगर में एकत्रित किया। कार्यक्रम में अशोकनगर ब्लॉक अध्यक्ष प्रकाश सिंह रजक, ईसागढ़ ब्लॉक अध्यक्ष महेश रजक, राजपुर ब्लॉक अध्यक्ष विजय रजक, पिपरई ब्लॉक अध्यक्ष फूल सिंह रजक, महिला संगठन की जिलाध्यक्ष कृष्णा रजक, संरक्षक लताबाई, कोषाध्यक्ष सुशीलाबाई आदि उपस्थित थे।

स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने किया श्रमदान

ब्यावरा। रविवार को स्वच्छता ही सेवा अभियान 2024 के अंतर्गत मुख्य नगर पालिका अधिकारी रईस खान के निर्देशन में नगर पालिका कार्यालय के परिसर में श्रमदान किया गया।

सीएमओ रईस खान द्वारा कार्यालय की समुचित साफ सफाई व धुलाई कार्य स्वयं की निगरानी में कराया साथ ही सभी से अपने घर के आस पास सफाई रखने की अपील की। इस कार्यक्रम के दौरान मुख्य नगर पालिका अधिकारी रईस खान, अखिलेश भरथरे स्वच्छता निरीक्षक, योगेन्द्र सिंह सोलंकी प्रभारी राजस्व उप निरीक्षक एवं नगर पालिका के समस्त कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

कुरावर स्वतंत्र समय। क्षेत्रीय विधायक मोहन शर्मा ने रविवार को न्यू पेट्रोल पंप का फीता काटकर किया भव्य शुभारंभ, किया। इस दौरान पंच के संचालक सहित भाजपा के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

बिजली विभाग के अधिकारियों पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की मांग, वरना आंदोलन तय

औबेदुल्लागंज। अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद राष्ट्रीय बजरंग दल जिला भोजपुर रायसेन द्वारा आज नगर औबेदुल्लागंज में अनुविभाग अधिकारी कार्यालय मे ज्ञापन दिया गया ग्राम टिकरी में प्रदीप कीर की विद्युत मंडल की लापरवाही होने के कारण से मृत्यु हो जाने को लेकर राष्ट्रीय बजरंग दल ने ज्ञापन दिया और प्रदीप कीर के परिवार को पालन पोषण हेतु एक करोड़ का मुआवजा देने की मांग की और बिजली विभाग अधिकारियों पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की मांग की प्रशासन को चेतावनी दी गई है कि 7 दिन के अन्दर करवाही नही होती है तो राष्ट्रीय बजरंग दल उर्ग आंदोलन करेगा।

दो दिवसीय स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में 85 वार्डों के 4629 सफाई मित्रों का किया गया स्वास्थ्य परीक्षण

भोपाल। स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा-2024 के अंतर्गत नगर निगम के कर्मचारियों एवं सफाई मित्रों के स्वास्थ्य परीक्षण हेतु 04 स्थानों पर स्वास्थ्य परीक्षण षिविर आयोजित किये गये। महापौर श्रीमती मालती राय ने सफाई मित्रों के स्वास्थ्य परीक्षण षिविरों में जाकर स्वास्थ्य परीक्षण का जायजा लिया तथा चिकित्सकों से चर्चा कर सफाई मित्रों का बेहतर ढंग से स्वास्थ्य परीक्षण करने के निर्देष दिए। महापौर श्रीमती राय ने स्वास्थ्य परीक्षण शिविरों में जाकर सफाई मित्रों से संवाद भी किया और उनके स्वास्थ्य एवं परीक्षण के संबंध में जानकारी भी प्राप्त की। निगम द्वारा जोन क्र. 02 रॉयल मार्केट, सेकण्ड स्टाप स्थित वार्ड कार्यालय 31, सुपर शादी हॉल बाग दिलकुशा एवं जोन क्र. 18 सांईनाथ कालोनी स्थित वाचनालय में आयोजित स्वास्थ्य परीक्षण षिविरों में जोन क्र. 02, 03, 04, 05, 06, 07, 21, 09, 11, 17, 18 एवं 19 के अंतर्गत वार्डों के 2944 सफाई मित्रों ने स्वास्थ्य परीक्षण कराया। चिकित्सकों ने सफाई मित्रों का ब्लड प्रेषर, शुगर, एच.आई.वी., स्क्रीनिंग की जांच की गई एवं सफाई मित्रों के लिए भविष्य में इलाज हेतु आभा कार्ड बनाने, पी.एम. आयुष्मान कार्ड हेतु के.वाई.सी. कराने का कार्य भी कराया गया। दो दिवसीय स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में निगम के 21 जोनों के अंतगर्कत 85 वार्डों के 4629 सफाई मित्रों ने स्वास्थ्य परीक्षण कराया। इस अवसर पर महापौर परिषद के सदस्य श्री आर.के.सिंह बघेल, जोन अध्यक्षद्वय श्रीमती बृजुला सचान एवं श्रीमती सुनीता गुड्डू भदौरिया, पार्षद श्रीमती ज्योति मिश्रा एवं संबंधित स्वास्थ्य अधिकारी एवं सहायक स्वास्थ्य अधिकारी मौजूद थे।

स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा-2024 के अंतर्गत नगर निगम के कर्मचारियों एवं सफाई मित्रों के स्वास्थ्य परीक्षण हेतु 04 स्थानों पर स्वास्थ्य परीक्षण षिविर आयोजित किये गये। महापौर श्रीमती मालती राय ने सफाई मित्रों के स्वास्थ्य परीक्षण षिविरों में जाकर स्वास्थ्य परीक्षण का जायजा लिया तथा चिकित्सकों से चर्चा कर सफाई मित्रों का बेहतर ढंग से स्वास्थ्य परीक्षण करने के निर्देष दिए। महापौर श्रीमती राय ने स्वास्थ्य परीक्षण शिविरों में जाकर सफाई मित्रों से संवाद भी किया।

मानव संग्रहालय में दो दिवसीय अंतर राष्ट्रीय सम्मेलन पूर्व लोक मंथन का हुआ समापन

भोपाल । परंपरागत पैथी सर्वश्रेष्ठ है । यह कहना है मध्य प्रदेश के उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री श्री इंदर सिंह परमार का । वे मानव संग्रहालय में ÷वाचिक परंपरा में प्रचलित हर्बल उपचार प्रणालियां ़संरक्षण, संवर्धन और कार्य योजना÷ विषय पर आयोजित दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन पूर्व लोकमंथन के समापन पर बोल रहे थे। संबोधन के बाद श्री परमार जनजातीय वैद्य शिविर में भी पहुंचे, जहां देश भर के 18 राज्यों से आए जनजातीय समाज के पारंपरिक लोक प्राकृतिक चिकित्सक से भी मिले। सम्मेलन में बोलते हुए उन्होंने कहा कि आज लोग एलोपैथी पर निर्भर हो गए हैं, जबकि परंपरागत पैथी सर्वश्रेष्ठ है। उन्होंने परंपरागत पैथी के दस्तावेजीकरण करने की बात कही। श्री परमार ने भारतीय परंपरागत ज्ञान को पूंजी बताते हुए कहा कि यह भारत के समाज में रचा बसा है। उन्होंने पूर्व लोकमंथन सम्मेलन की प्रशंसा करते हुए कहा कि सरकार की ओर से इस विषय में सकारात्मक सहयोग प्रदान किया जाएगा।

डेंगू सेयुवा की मौत, दहशत

ब्यावरा/सुठालिया। नगर के वार्ड क्रमांक 15 निवासी पूर्व पार्षद कैलाश मेवाड़े के 40 वर्षाय पुत्र संतोष मेवाड़े की डेंगू बुखार से शनिवार रात भोपाल एम्स में हुई मौत से नगरवासी दहशत में हैं। संतोष मेवाड़े के साथ ही वार्ड क्रमांक 13-15 स्थित लक्ष्मीनारायण मंदिर चौक पर बैठने वाले 15 वर्षीय अंशु-मनोज वर्मा और बल्लु सासने के 19 वर्षीय पुत्र को भी डेंगू के लक्षण पाए गए है, जिनका इलाज ब्यावरा में चल रहा हैं, जिनके परिजनों ने बताया कि पपीते के पत्तों का पानी उबालकर देने और कीबी फल खिलाने से गिरते प्लेटनेट में सुधार हुआ है, लेकिन डेंगू की सावधानी से जिम्मेदार बेखबर हैं, क्योंकि नगर में गंदगी का अंबार हैं, जो डेंगू जैसी घातक बीमारियां फैहाने में सहायक सिद्ध हो रही हैं। वहीं सुठालिया अस्पताल के हाल बेहाल हैं। नाम के पदस्थ 4 चिकित्सकों में से एकाद ही मौजूद रहते हैं, जबकि बीएमओ तो महीनों से नहीं आए हैं। नगर के परलापुरा सहित नगर के अधिकांश घरों में मच्छरों के कारण वायरल फैल रहा है। नगर परिषद की उदासीन है, नालियों में छिड़काव नहीं हो रहा और साफ-सफाई भी समय पर नहीं हो रही हैं। अनेक स्थानों पर पानीं जमा है। इसी कारण वायरल डेंगू मलेरिया टाईफाइड फैल रहा है।

कार्यालय नगर परिषद सुल्तानपुर जिला रायसेन म.प्र.

क्रमांक / 919 / 2024 सुल्तानपुर दिनांक 20.09.2024

NOTICE INVITING TENDER

निम्नलिखित सामग्री क्रय करने हेतु जेम पोर्टल पर पंजीकृत सप्लायरों/विक्रेताओं से जेम पोर्टल की वेबसाइट http://gem.gov.in पर दरें आमंत्रित की जानी है।

क्रं.	टेण्डर क्रं. एवं जारी दिनॉक	कार्य का नाम	कार्य की अनुमानित लागत	EMD	निविदा की अंतिम तिथि
1.	GEM/2024/B/5418028 दिनांक– 20.09.2024	स्वागत द्वार	15,00,000	45000	11.10.2024

नोटः निविदा से संबधित किसी भी प्रकार के संसोधन का प्रकाशन ऑनलाइन http://gem.gov.in की वंबसाइड पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद सुल्तानपुर

स्वतंत्र समय

स्वतंत्र विचार

E-PAPER www.swatantrasamay.com

भोपाल 04

सोमवार 23 सितंबर 2024

संपादकीय

हम किसी के खिलाफ नहीं ,सब हमारे खिलाफ

अमेरिका ने भारत के सुरक्षा सलाहकार को समन देकर बुलाया है और प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र मोदी को एक अतिथि के रूप में। वे अमेरिका में हो रहे क्वाड सम्मेलन में शामिल हुए हैं। अमेरिका के बराबर व्यवहार की अनदेखी कर मोदी जी ने दरियादिली दिखते हुए कहा है कि क्वाड शिखर सम्मेलन ऐसे समय में हो रहा है, जब दुनिया तनाव और संघर्ष से घिरी हुई है। ऐसे में साझा लोकतांत्रिक मूल्यों के आधार पर क्वाड का एक साथ काम करना पूरी मानवता के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। हम किसी के खिलाफ नहीं हैं। उन्होंने ये नहीं कहा की हमारे खिलाफ कौन-कौन है ? क्योंकि सब जानते हैं की शेष दुनिया का बड़ा हिस्सा हमारे खिलाफ है।

आपको बता दूँ कि अमेरिका के डेलावेयर में आयोजित क्वाड शिखर सम्मेलन में भारत, अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया के राष्ट्राध्यक्ष शामिल हुए। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि सम्मेलन ऐसे समय में हो रहा है, जब दुनिया तनाव और संघर्ष से घिरी है। माननीय मोदी जी ने कहा कि साझा लोकतांत्रिक मूल्यों के आधार पर क्वाड देशों को एक साथ काम करना पूरी मानवता के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। अभी ये पता नहीं चला कि मोदी जी अपने पुराने मित्र डोनाल्ड ट्रम्प से मिले या नही। उन्होंने बराक ओबामा से भेंट कि या नहीं। ओबामा से मोदी जी के तो-तड़ाक वाले रिश्ते हैं।अमेरिका से खबरें आ रहीं हैं कि प्रधानमंत्री मोदी अपनी तीन दिवसीय अमेरिकी यात्रा के पहले चरण में अमेरिका के फिलाडेल्फिया हवाई अड्डे पर पहुंचे। क्वाड शिखर सम्मेलन में भाग लेने से पहले उन्होंने राष्ट्रपति जो बाइडन के साथ द्विपक्षीय बैठक की। दोनों नेताओं ने भारत-अमेरिका व्यापक वैश्विक रणनीतिक साझेदारी को और गहरा करने के लिए नए रास्ते खोजे।वेदन और मोदी जी कि मुलाकात में डोभाल को समन और व्हाइट हॉउस में पृथकतावादी आंदोलन के समर्थकों से मुलाकात का मुद्दा उठा या नहीं ,इसकी जानकारी फिलहाल उपलब्ध नहीं है।

क्वाड सम्मेलन के लिए जिसने भी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र दामोदर दस मोदी का भाषण लिखा ,बढ़िया लिखा। मोदी जीने कहा कि -हम सभी नियम-आधारित अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था, संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता के सम्मान और सभी मुद्दों के शांतिपूर्ण समाधान का समर्थन करते हैं। स्वतंत्र, खुला, समावेशी और समृद्ध हिंद-प्रशांत हमारी साझा प्राथमिकता और साझा प्रतिबद्धता है।उन्होंने कहा, क्वाड देशों ने स्वास्थ्य, सुरक्षा, महत्वपूर्ण उभरती प्रौद्योगिकियों, जलवायु परिवर्तन और क्षमता निर्माण जैसे क्षेत्रों में कई सकारात्मक और समावेशी पहल की हैं।

महात्मा गांधी

पत्र लिखना भी एक कला है।

गिरिजाकुमार माथुर

स्वतः निजी अखबार है घर का।

लगातार गुस्सा या तनावपूर्ण मनः स्थिति को त्यागना काल धर्म है



लेखक

अनिल त्रिवेदी

मनुष्य ने लोभ वश या फूलों से आकर्षित होकर फूल को तोड़कर बीज निर्माण के क्रम में हस्तक्षेप किया हो पर वनस्पति जगत अपने मौन अहिंसक और जीवन के क्रम को धरती पर सनातन काल से अपने जीवन का एकमेव उद्देश्य मान कर, जीव जगत को जीवन्त बनाने में अपनी मौन आहुति देने को ही जीवन माना है। मानव या जीव मात्र का जीवन एक अनन्त प्रवाह है। हमारे तन मन में रक्त और विचार का सतत प्राकृतिक प्रवाह निरंतर एक निश्चित लय में शरीर के कण कण में संचारित हो जीवन को चलाते रहता है।

आज की तथाकथित आधुनिक यांत्रिक जीवनचर्या और दुनिया मनुष्य मात्र को असाधारण और अकारण उत्तेजनापूर्ण और आक्रामकता भरी जिंदगी में निरंतर धकेल रही है।

गुस्सा या तनाव क्षणिक हो तो उसे लहरों की तरह मन में आयी क्षणिक स्थिति ही मनोविज्ञान में मानी जाती है। लगातार गुस्सा या तनाव और कभी भी किसी भी स्थिति में गुस्सा न आना दोनों ही असाधारण मानसिक स्थिति है। कोई किसी बात पर कभी भी गुस्सा न करें तो उसे शांत चित्त या दब्बू की संज्ञा दी जाती है। इसके उलट जो बात बात पर गुस्सा करें या चौबीस घंटे बारह महीने निरंतर गुस्सा ही करें उसके इस आचरण को क्या संज्ञा दी जावे? समुद्र में भी सदैव तूफान नहीं रहता पर आज की दुनिया में मनुष्य का जीवन अपनी ही बनाई असाधारण मानसिक तनाव की सुनामी से हमेशा अशांत रहने लगा है। अकारण अनियंत्रित गुस्सा आत्मघाती ही सिद्ध होता है। प्राचीन काल से मनुष्य समाज के मन, चिंतन और जीवन क्रम में गुस्से का अस्तित्व मौजूद हैं सात्विक क्रोध शब्द इसका जीवंत प्रमाण हैं।

पर आज, आज की तथाकथित आधुनिक यांत्रिक जीवनचर्या और दुनिया मनुष्य मात्र को असाधारण और अकारण उत्तेजनापूर्ण और आक्रामकता भरी जिंदगी में निरंतर धकेल रही है। पर आधुनिकता के अंधे मनुष्य अपनी कल्पनाओं और तथाकथित विकसित सभ्यता में इस कदर डूब गये हैं कि मनुष्य के प्राकृतिक और मूल स्वभाव के शांत स्वरूप की अधिकांश मनुष्यों को कोई जानकारी ही नहीं है। सात्विक क्रोध कपूर की तरह हवा में उड़ गया है और सतत तनाव और गुस्सा हमारा प्रायः स्थायी स्वभाव बनता जा रहा है। गुस्सा और तनाव जब जिंदगी का स्थायी स्वभाव बन जाय तो समझिए कि हमारी ज़िन्दगी शांति सद्भाव और समन्वय को त्याग कर हिंसा और तनाव को जीवन का स्थायी भाव बना चुकी हैं और हम अप्राकृतिक जिंदगी को ही आत्मसात कर चुके हैं।

मनुष्य को मन,तन और जीवन के मूल स्वभाव और स्वरूप को पूरी तरह से त्याग कर यांत्रिक और आभासी दुनिया के नकारात्मक प्रभाव और मनुष्य जीवन में तरह तरह की असामान्य चुनौतियों के सामने नतमस्तक होते जाना ,आज का सबसे बड़ा सवाल है। अपने आप को विपरीत परिस्थितियों से जूझने देने के बजाय परिस्थिति जन्य गुलाम मानसिकता को चुपचाप अपना लेना शायद आज की दुनिया की सबसे बड़ी चुनौती है जिसका हल आज जो भी जिन्दा मनुष्य है उनकी एक मात्र, और पहली जिम्मेदारी है। गुस्सा मन,तन, और जीवन की सहजता को पूरी तरह से नष्ट कर देता है। गुस्सा आना यानि मनुष्य द्वारा प्राकृतिक जीवन और विचार प्रक्रिया को नकारते हुए अप्राकृतिक जिंदगी को अपनाना ही माना जाएगा।इस जगत में जीवन कई रूपों में व्यक्त हुआ है वनस्पति जगत आज के काल में भी सबसे ज्यादा प्राकृतिक अवस्था में जैसे जीवन के प्रारंभ या उदय के समय था वैसा ही आज भी प्रायः अस्तित्व में है। प्रकृति में कोई भी फूल खिलता ही है, गुस्साता नहीं,जीवन की

प्राकृतिक श्रृंखला को बिना किसी हस्तक्षेप या मिलावट के जीवन की सुगंध को फैलाता है और बीज को पुनः अंकुरित होने के लिए जन्म देता है।

मनुष्य ने लोभ वश या फूलों से आकर्षित होकर फूल को तोड़कर बीज निर्माण के क्रम में हस्तक्षेप किया हो पर वनस्पति जगत अपने मौन अहिंसक और जीवन के क्रम को धरती पर सनातन काल से अपने जीवन का एकमेव उद्देश्य मान कर, जीव जगत को जीवन्त बनाने में अपनी मौन आहुति देने को ही जीवन माना है। मानव या जीव मात्र का जीवन एक अनन्त प्रवाह है। हमारे तन मन में रक्त और विचार का सतत प्राकृतिक प्रवाह निरंतर एक निश्चित लय में शरीर के कण कण में संचारित हो जीवन को चलाते रहता है तभी जीवन शांत भाव से प्राकृतिक रूप से चलता रहता है।पर जब मनुष्य अकारण अनियंत्रित होकर गुस्सा करता है या तनावपूर्ण मनःस्थिति में स्थायी भाव से रहता है या राजनैतिक, धार्मिक, आर्थिक, प्रशासनिक और पारिवारिक उत्तेजना वश अपने मन और तन को तनाव ग्रस्त कर लेता है तो जीवन अप्राकृतिक दिशा में चलने लगता है। जीवन प्रकृति का जीवंत उपहार है। पर जीव और जीवन दोनों को अप्राकृतिक हस्तक्षेप से जो मनोरोग भुगतने पड़ सकते हैं उनका मुख्य कारण जीव का अपने जीवन को लेकर नासमझीपूर्ण तौर तरीकों को यंत्रवत अपनाना ही माना जाएगा।

प्रत्येक जीव खासकर मनुष्य को अपने जीवन और मनःस्थिति की रखवाली पूरी चौकसी से करते रहना चाहिए, कोई और इस कार्य को कर ही नहीं सकता। मनुष्य जब अप्राकृतिक गुस्से और तनाव का दास बन जाता हैं। तो शांति और सहजता से सहजीवन जो जीवन का मूल है लुप्त होने लगता हैं।जब हम किसी अन्य पर गुस्सा करते हैं तो मूलतः किसी अन्य को नहीं अपने आप को शांत चित्तता से वंचित करते हैं। शांति सद्भाव मूल स्वभाव है तो गुस्सा दुर्भावना मूल स्वभाव का त्याग है। अतः हम कह सकते हैं,गुस्से से परहेज़ करना या दुर्भावना को त्यागना काल धर्म है।

बरेली समाचार

पहले अधीक्षक की शिकायत की, ऊपर से प्रेशर पड़ा तो उसे वापस लिया

अहिरवार समाज के लोगो व छात्रों के पालकों की हुई बैठक

छात्रावास अधीक्षक हरिसिंह अहिरवार की कार्यप्रणाली, व्यवहार और छात्रों से प्रवेश के नाम पर वसूली गई हजारो की राशि छात्रावास में बैठक के दौरान चर्चाओं का विषय बनी रही। छात्रों के समाज के लोगो द्वारा बयान लेकर पूरी स्थिति समझने का प्रयास किया।

बरेली। पिछले दिनों अनुसूचित उत्कृष्ट छात्रावास के छात्रों ने अधीक्षक के विरुद्ध राशि वसूलने भोजन ठीक प्रकार का न देने के संबंध में एसडीएम को लिखित शिकायत की गई थी। अधीक्षक के विरूद्ध शिकायत पर अहिरवार समाज संगठन के लोगो भीम आर्मी की छात्रावास में शनिवार को बैठक हुई। जिसमें शिकायत करने वाले छात्र, पालक और अहिरवार समाज के लोगो द्वारा संपूर्ण मामले में अधीक्षक, छात्रों से चर्चा की गई।

छात्रों द्वारा खुल कर अपनी समस्याए और राशि वसूली के संबंध में बताया। छात्रों की शिकायत पर कार्यवाही विषय को लेकर दो पक्ष हो गए, एक शिकायत का समर्थन तो दूसरा पक्ष विरोध में नजर आता रहा। छात्रों से वसूली गई राशि भी किस्तों में वापिस किए जाने की चर्चा बनी हुई है।

छात्रावास अधीक्षक हरिसिंह अहिरवार की कार्यप्रणाली, व्यवहार और छात्रों से प्रवेश के नाम पर वसूली गई हजारो की राशि छात्रावास में बैठक के दौरान चर्चाओं का विषय बनी रही। छात्रों के समाज के लोगो द्वारा बयान लेकर पूरी स्थिति समझने का प्रयास किया। अधीक्षक के पक्ष और विरोध करने वालो के बीच लम्बी चर्चाए होती रही। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार अधीक्षक ने पालकों को कुछ राशि वापिस, कुछ राशि बैठक के दौरान और कुछ छात्रों की राशि अभी देना शेष बना हुआ है। बैठक के बाद लोग एसडीएम कार्यालय पहुंचे जहॉ शिकायत वापिस लेने के संबंध में आवेदन दिया गया। आखिरकार शिकायत में जिन विषयों को उठाया गया। उनकी स्थानीय जिला या आदिमजाति कल्याण विभाग के अधिकारी राशि वसूलने, अच्छा भोजन, नाश्ता क्यों नहीं दिया जा रहा और छात्रों के साथ अभद्र व्यवहार किए जाने की शिकायत की जांच और कार्यवाही कब करेंगे महत्वपूर्ण विषय बना हुआ है।

लगातार भीषण गर्मी, तेज धूप के बाद आसमान में छाये बादल, हल्की बारिश से बनी भारी उमस की स्थिति

बरेली। पिछले एक सप्ताह से तेज धूप निकलने के साथ दिन और रात का तापमान बढ़ता ही जा रहा था। रविवार को अचानक आसमान में बादल छाने और दोपहर में हल्की बारिश होने से उमस बढ़ जाने से निवासी परेशान हो उठे। बारिश से धान की फसलों को लाभ मिलेगा।

संपूर्ण बाड़ी बरेली क्षेत्र में किसानों द्वारा खरीफ सीजन में बासमती और गैर बासमती धान की व्यापक स्तर पर खेती की जाती है। तेज धूप, गर्मी से धान की क्यारियों में भरा पानी सूखने, फसलें मुरझाने की स्थिति बन रही थी। किसानों द्वारा ट्यूबवेलों के सहारे धान में पानी की व्यवस्था की जा रही थी। रविवार को आसमान में बादल छा जाने से गर्मी, धूप का प्रकोप कम हुआ और हल्की बारिश से किसानों को कुछ राहत भी मिल गई।

बढ़ी उमस की परेशानियां - 5-6 दिनों से भीषण गर्मी के कारण परेशानियों भरी उमस का माहौल बना हुआ था। रविवार को तेज धूप, गर्मी से तपे मकानों, सड़को पर हल्की बारिश होने से उमस और अधिक बढ़ गई। दिन भर पसीना निकलने से लोग चर्म रोगो के शिकार होने लगे है।

प्रखर वाणी

बारिश कलकत्ता में होगी तो छाते ढाका में खुलेंगे...विरोध के लिए विरोध करने की सोच रख कैसे सारे पाप धुलेंगे...

बाढ़ के पानी पर दहाड़कर बोली ममता...बयानबाजी में तुम जानते नहीं मेरी क्षमता...मैं वाणी का जादुई पिटारा हूँ...रोहिंग्या - घुसपैठियों का आत्मिक सहारा हूँ...बंगाल में बाढ़ के पानी को केन्द्र की साजिश करार दिया...गिरगिट के रंग बदलने की अदा भांति जिव्हा का चोला उतार दिया...केन्द्र की भाजपा सरकार से माना कि तुम्हारे राजनीतिक मतभेद है...हमारी भी तल्ख भाषा दीदी के लिए ऐसी हो जाती है इसका हमें खेद है...पर जरा बयानों पर तो विचार करो...प्राकृतिक आपदाओं को तो मत बीमार करो...ये तो वैसा ही हुआ कि बारिश कलकत्ता में होगी तो छाते ढाका में खुलेंगे...विरोध के लिए विरोध करने की सोच रहेगी तो कैसे सारे पाप धुलेंगे...ये सच है कि बाढ़ से जो तबाही हुई है वह खतरनाक है...लेकिन इसको मानव निर्मित मानने का बयान क्या खाक है...दामोदर घाटी निगम को दोषी ठहराकर अपनी जिम्मेदारियों से बचना चाहती है ममता...खाली ढकोसलों और भाषणों से बहता पानी नहीं थमता...तुम भी जवाबदार पद पर जनता द्वारा चुनकर आई हो...उनसे कर लेती हो सीएम बनते समय उनकी रक्षा की कसम खाई हो...मैथन और पंचेत बांधों का पानी पूर्व सूचना देकर डीवीसी ने छोड़ा है...तुमने चेतावनी देकर खुद की सुविधाओं से नाता तोड़ा है...ये मत भूलो की बंगाल के आठ जिलों की बिजली का आधार दामोदर घाटी निगम है...तुमको ऊर्जा का इतना बड़ा साधन मिला उसका भी तुमको गम है...लगातार अनाप - शनाप बयानों से देश की संघीय भावना कमजोर होती है...जिसकी आदत ही दूसरों की खामी निकालना होती है वो हमेशा मुजोर होती है...अपने हित खातिर बेजान टिप्पणियां करना छलावा है...इस तरह के बयानों के परिणामस्वरूप हाथ आता महज पछतावा है...तुम कहती हो कि झारखंड बचाने को बंगाल डूबा दिया...ये क्यों भूलती हो कि देश ने ही तुम्हें सियासत पर काबिज होने इतना बड़ा सूबा दिया...जल का वेग अनियंत्रित होता है उसको आपदा मानो...दूसरों पर ढोलने से समाधान नहीं मिलेगा ये भी जानो...मिल बैठकर हल खोज लो सरकारें सदा समन्वय से चलती है...तुम्हारी आँखों में हमेशा क्यों नफरत की आग पलती है...जन हितार्थ और संकट के वक्त कुछ धैर्य और संयम रखो...ईर्ष्या के पकवान बने तो घृणा का स्वाद मत चखो ।

प्रोफेसर (डॉ) श्याम सुन्दर पलोड

लेखक, कवि एवं वक्ता

राज्यमंत्री पटेल अचानक पहुंचे पुलिस थाने, व्यवस्थाओं का किया निरीक्षण

बरेली। क्षेत्र के विधायक एवं प्रदेश सरकार के स्वा. एवं परिवार कल्याण राज्यमंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल रविवार को अचानक थाने पहुंच गई। थाने में विभिनन व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। थाने में चल रही व्यवस्थाओं और कानून, शांति व्यवस्था पर टीआई विजय त्रिपाठी एवं अन्य पुलिस कर्मियों से राज्यमंत्री पटेल ने संवाद भी किया।

सांसद ने खरगौन स्कूल में छात्राओं को साईकिलें वितरित की

सब्जी बैंचने वालो एवं किसानों को दिलाई भाजपा की सदस्यता, हर घर हो भाजपा का सदस्य-सांसद चौधरी

बरेली। रविवार को होशंगाबाद नरसिंहपुर लोकसभा संसदीय क्षेत्र के सांसद दर्शन सिंह चौधरी ग्राम खरगोन में शासकीय स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित लोगो से सांसद ने संवाद किया और शासकीय स्कूल की छात्राओं को साईकिल वितरित कर उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। सांसद चौधरी ने कहा कि भाजपा सरकार हर क्षेत्र में पारदर्शिता के साथ तेजी से काम कर रही है। जिससे हर वर्ग के पात्र हितग्राहियों को सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं का लाभ मिल सके।

दिलाई भाजपा की सदस्यता

सांसद ने कहा कि हर घर भाजपा का सदस्य हो इसका प्रयास सदस्यता अभियान के द्वारा किया जा रहा है। सब्जी बाजार में पहुंच कर सब्जी बैंचने वालो को भाजपा सरकार की नीति रीति से अवगत कराकर देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व से प्रभावित होकर बडी संख्या में सब्जी विक्रेताओं, अन्नदाताओं, किसान बंधुओं ने भाजपा सदस्यता अभियान के तहत भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। सरपंच विनोद त्रिपाठी, राहुल पटेल, भगवान सिंह राजपूत सहित भाजपा के कार्यकर्ताओं की भारी उपस्थिति रही।

पत्रकारों पर भारी पड़ी पुलिस की फिटनेस

छतरपुर। रविवार को शहर की पुलिस लाइन के ग्राउंड पर पत्रकारों और पुलिस टीमों के बीच मैची क्रिकेट मुकाबला हुआ, जिसमें पत्रकारों के ऊपर पुलिस की फिटनेस भारी पड़ी। दरअसल पत्रकारों ने पहले बल्लेबाजी करते हुए पुलिस टीम के सामने जो लक्ष्य खड़ा किया था, उसे पुलिस टीम द्वारा बड़ी ही आसानी से हासिल कर लिया गया। पत्रकारों की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया था। पहले बल्लेबाजी करते हुए पत्रकाकरों की पूरी टीम निर्धारित 15 ओवर पूरे होने से पहले 91 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। लक्ष्य का पीछा करने उतरी पुलिस टीम की शुरुआत तो कुछ खास नहीं थी। पुलिस टीम के सलामी बल्लेबाज डीआईजी ललित शाक्यवार और सीएसपी अमन मिश्रा सस्ते में आउट होकर पवेलियन लौट आए, जिससे पत्रकारों की टीम का मनोबल बढ़ा लेकिन इसके बाद बल्लेबाजी करने पहुंची पुलिस अधीक्षक अगम जैन ने सधी हुई बल्लेबाजी करते हुए पारी को संभाल लिया। उनके साथ बल्लेबाजी कर रहे पुलिस टीम के अन्य युवा बल्लेबाजों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए टीम को जीत दिला दी। मुकाबले के मैन ऑफ द मैच पुलिस टीम के खिलाड़ी संदेश नायक रहे जिन्होंने गेंदबाजी करते हुए 2 विकेट झटके और बल्लेबाजी में 19 रनों की महत्वपूर्ण पारी खेली। मुकाबले के उपरांत दोनों टीमों ने सहभोज का आनंद लिया।

सार-संक्षिप्त

पूर्वमंत्री कमलेश्वर पटेल का हुआ अल्प प्रवास

स्वतंत्र समय, कटनी। स्लीमनाबाद क्षेत्र अंतर्गत तेवरी निवासी एक आदिवासी युवक ने अपने शरीर पर उभरे जख्मों को दिखाते हुए कटनी अल्प प्रवास पर आए सीडब्ल्यूसी मेंबर पूर्व मंत्री कमलेश्वर पटेल से मिल कर आप बीती सुनाते हुए न्याय की गुहार लगाई। तेवरी निवासी सुनील गौड़ ने बताया कि तेवरी निवासी मंचू असाटी द्वारा मुझे बेरहमी से मारपीट कर जान से मारने की कोशिश की गई है। शिकायत करने पर स्लीमनाबाद थाने में कोई सुनवाई नहीं हो रही। इस पर श्री पटेल ने एसपी कटनी अभिजीत रंजन को फोन कर मामले को गंभीरता से लेते हुए एफआईआर करने का आग्रह किया। उन्होंने यह भी कहा कि यदि कार्यवाही नहीं हुई तो संपूर्ण कांग्रेस आंदोलन करेगी। घटना की जानकारी देते हुए सुनील सिंह पिता कल्याण सिंह चाकुर ने बताया कि मैं आदिवासी हूँ मेरे को अक्षय असाटी उर्फ गुल्ली ने काम करवाने के लिए बुलवाया था।

नगर निगम की अव्यवस्थाओं से डेंगू के मरीजों में हो रहा इज़ाफा: अमित शुक्ला

स्वतंत्र समय, कटनी। वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं जिला अधिवक्ता संघ अध्यक्ष अमित शुक्ला ने अपने बयान

जारी करते हुए कहा कि कटनी जिले में लगातार डेंगू के बढ़ते मामले जिला प्रशासन की अव्यवस्थाओं की पोल खोलते दिखाई दे रहे हैं। दरअसल जिले में सबसे ज्यादा केस इसी माह में सामने आए है। आधार काप, एनकेजे, भट्टा मोहल्ला सहित अनेक क्षेत्रों में मरीज डेंगू बीमारी से ग्रसित पाए गए हैं। श्री शुक्ल ने आगे बताया कि इन मरीजों का उपचार जिला अस्पताल और निजी अस्पतालों में चल रहा है। बावजूद इसके न तो नगर निगम स्वास्थ्य अमले ने जमीन में उतरकर कीटनाशक दवाइयों का छिड़काव कराया न ही फॉगिग मशीन चलवाई, जबकि बस स्टैंड के सामने कई इलाके हैं, जहां पानी का भराव और फैले कबाड़ के चलते डेंगू के लावा पनप रहे हैं। जिससे आस पास के क्षेत्र में लोग डेंगू जैसी बीमारियों का शिकार होते जा रहे हैं। इस संबंध में वरिष्ठ कांग्रेस नेता अमित शुक्ला ने आरोप लगाया है।

भाजपा पसमांदा मुस्लिम महासंघ जिला कार्यकारिणी का गठन

स्वतंत्र समय, सीहोर। भाजपा राष्ट्रीय पसमांदा मुस्लिम महासंघ द्वारा जिला कार्यकारिणी गठन के लिए शहर के मगसपुर में रविवार को कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय पसमांदा मुस्लिम महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष नौशाद खान, प्रदेश महासचिव अजहर बाबा विशेष अतिथि के रूप में हजरत दूल्हा बादशाह बाबा दरगाह सर्वधर्म उर्स कमेटी के अध्यक्ष पूर्व पार्षद रिजवान पठान सम्मिलित हुए। राष्ट्रीय पसमांदा मुस्लिम महासंघ के सीहोर जिलाध्यक्ष डॉक्टर इम्तियाज लाला के नेतृत्व में नवीन जिला कार्यकारिणी में शामिल पदाधिकारी कार्यकर्ताओं सदस्यों के द्वारा फूल माला पहना कर साफा बांधकर अतिथियों का स्वागत किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष नौशाद खान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव पसमांदा समाज से जुड़े मुस्लिम परिवारों को हर संभव मदद दे रहे हैं।

हुमन चैन बनाकर स्वच्छता का दिया संदेश

स्वतंत्र समय, जावर। स्वच्छ भारत मिशन स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 के अंतर्गत केन्द्र सरकार द्वारा निर्देशित स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत नगर परिषद् अध्यक्ष प्रतिनिधि मनोज वैध, एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी हरीश कुमार सोनी एवम पार्षद वीरेन्द्र सिंह ठाकुर, इकबाल शाह के नेतृत्व में एवं सहयोगी संस्था एनवायरो वेस्ट सोल्यूशन एंड सर्विसेस के सदस्यों द्वारा निकाय की शिक्षण संस्था श्री साई पब्लिक स्कूल में छात्र-छात्राओं एवं स्कूल स्टाफ संचालक तेजपाल सिंह ठाकुर तथा जनप्रतिनिधियों के साथ मिलकर ह्यूमन चेन बनाई गई, एवं हुमन चैन बनाकर स्वच्छता का संदेश दिया गया। उक्त अवसर पर नगर परिषद के कर्मचारीगण उपस्थित थे।

प्रभारी मंत्री ने भदौरा में किया आईसीटी कंप्यूटर लैब का लोकार्पण

स्कूल में अतिरिक्त कक्ष निर्माण, बाउन्ड्रीवाल व शौचालय निर्माण की दी सौगात

स्वतंत्र समय, कटनी

प्रदेश के परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री और जिले के प्रभारी मंत्री उदय प्रताप सिंह ने शासकीय हायर सेकेन्ड्री स्कूल भदौरा नंबर -1 में 6 लाख 40 हजार रूपये की लागत से निर्मित आई.सी.टी कंप्यूटर लैब का लोकार्पण किया। इस लैब में 10 कम्प्यूटर, एक एलईडी, यूपीएस और इंटरनेट कनेक्शन की सुविधा उपलब्ध है। छात्र इस लैब के माध्यम से संचार सूचना प्रोद्योगिकी के साथ-साथ अपने पाठयक्रमों की भी शिक्षा अर्जित कर सकेंगे। इस दौरान विधायक बड़वारा धीरेन्द्र बहादुर सिंह, कलेक्टर दिलीप कुमार यादव, जिला पंचायत सीईओ शिशिर गेमावत, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ संतोष डेहरिया, जिला पंचायत उपाध्यक्ष अशोक विश्वकर्मा, स्कूल की छात्र-छात्राएं, शिक्षक और स्वसहायता समूह की महिलायें एवं स्थानीय ग्रामीणजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

इस अवसर पर प्रभारी मंत्री श्री सिंह ने कंप्यूटर लैब को यहां के छात्रों के लिए एक बड़ी सौगात बताया।उन्होंने कहा कि शासन द्वारा शिक्षकों की कमियों को युक्तियुक्तकरण और छात्रों की दर्ज संख्या के मान से शिक्षकों की पदस्थापना सहित भवनों की व्यवस्था और जर्जर शाला भवनों को नये भवन देने के लिए प्रयास किये जा रहे है। मेधावी छात्रों को शील्ड एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित एवं पुरस्कृत किया। इस दौरान प्रभारी मंत्री शासकीय हायर सेकेन्ड्री स्कूल भदौरा नंबर -1 में अतिरिक्त कक्षों के निर्माण हेतु 20 लाख रूपये की स्वीकृति दी वहीं छात्राओं के लिए पृथक शौचालय बनानें और शाला परिसर में बाउन्ड्रीवाल निर्माण हेतु आवश्यक राशि प्रदान करने की बात कही। प्रभारी मंत्री ने यहां एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत अशोक का पौधा रोपा।

जिले के कलेक्टर हर्षल पंचोली अपने टीम के साथ रहे मुस्तैद

जिले के सोडा फैक्ट्री में क्लोरीन गैस का रिसाव 70 लोग हुए थे प्रभावित, नहीं हुई कोई जनहानि

मेडिकल कॉलेज शहडोल पहुंचकर कलेक्टर श्री पंचोली ने पीड़ितों का लिया हाल-चाल

स्वतंत्र समय, अनूपपुर

जिले के बरगवां अमलाई में कागज कारखाने के उपक्रम कास्टिक सोडा यूनिट में शनिवार की रात क्लोरीन गैस के रिसाव से हड़कंप की स्थिति निर्मित हो गई थी, हालांकि कलेक्टर ने इस मामले में सक्रियता दिखाई और कोई भी बड़ा हादसा नहीं हुआ, स्वास्थ्य विभाग की मदद से लगभग एक दर्जन लोगों को मेडिकल कॉलेज शहडोल रेफर कराया गया था।जहां उनकी हालत खतरे से बाहर बताई गई है, रविवार की सुबह अनूपपुर कलेक्टर हर्षल पंचोली प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के कर्मचारियों और अन्य प्रशासनिक अधिकारियों को लेकर नगर परिषद बरगवां अमलाई में स्थित कास्टिक सोडा यूनिट में निरीक्षण को पहुंचे, यहां उन्होंने कंपनी के प्रबंधक अविनाश वर्मा और अन्य अधिकारियों के साथ मिलकर घटना स्थल का निरीक्षण किया, वही कंपनी को सावधानी बरतने के निर्देश दिए, कलेक्टर हर्षल पंचोली ने बताया कि उन्होंने प्रभावित नागरिकों से भी मुलाकात की और अब सभी की हालत खतरे से बाहर बताई गई है।कंपनी के कर्मचारियों को सुरक्षा पर ध्यान देने और अन्य निर्देश भी दिए हैं,उन्होंने यह भी कहा कि आने वाले दिनों में जिन कारणों से यहां पर दिक्कत हुई है, उन्हें सुधारने के भी प्रयास किए जाएंगे, इसके निर्देश कंपनी के जिम्मेदारों को दे दिए गए हैं, यही नहीं प्लांट के आसपास के इलाके में रहने वाले लोगों को भी इस तरह की आपात स्थिति से निपटने के लिए इक्विपमेंट उपलब्ध कराए जाएंगे।कलेक्टर अनुपपुर की तत्परता से बड़ी घटना पर रोक लगी एवं कोई जनहानि नही हुई जिससे आम जनमानस में जिला प्रशासन के प्रति विश्वास का भाव पैदा हुआ।

क्लोरीन सिलेंडर लोड ट्रक से हुआ डीजल चोरी

रात्रि गस्त के दौरान रघुराज सिंह को एम.एन. पेट्रोल पंप के सामने फरियादी अजय गौतम पिता राम शिरोमणि गौतम उम्र 34 वर्ष निवासी फुनगा ने रिपोर्ट किया कि फरियादी की टाटा एल पी डी 1512 ट्रक क्रमांक सीजी 10 क्ष्ा 0667 में अमलाई सोडा फैक्ट्री से क्लोरीन सिलेंडर लोड कर भिलाई जा रहा है। रात्रि करीब 1-2 बजे के बीच अपनी गाड़ी पेट्रोल पंप के सामने खड़ा कर सो रहा था तभी एक सफेद रंग की बोलेरो क्रमांक सीजी 16 ष्ट्स 0653 में पांच व्यक्ति आये जिसे भोला लोनिया चल रहा था। ड्राइवर होने के कारण मैं उसे पहचानता था, भोला लोनिया अपने साथियों के साथ 55-60 लीटर डीजल चुराकर ले गए हैं।

हाल-चाल जानने शहडोल मेडिकल कॉलेज पहुंचे कलेक्टर

जिले के नगर परिषद बरगवां /अमलाई क्षेत्र स्थित सोडा फैक्ट्री में गैस रिसाव से प्रभावित हुए लोगों के स्वास्थ्य का हाल जानने कलेक्टर हर्षल पंचोली ने मेडिकल कॉलेज शहडोल पहुंचकर भर्ती प्रभावितों का हाल जाना, भर्ती प्रभावित लोगों से उन्होंने चर्चा करते हुए उनके स्वास्थ्य की स्थिति की जानकारी ली। इस दौरान अनूपपुर जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी तथा मेडिकल कॉलेज के अधीक्षक उपस्थित थे। कलेक्टर ने मेडिकल कॉलेज के अमले से भर्ती मरीजो के स्वास्थ्य संबंधी जानकारी प्राप्त की, चिकित्सको ने जानकारी दी कि मरीजों की स्थिति सामान्य है। कलेक्टर ने चिकित्सकीय अमले को मरीजो के उत्तम स्वास्थ्य के लिए सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

गोली चलाकर दहशतगर्दी फैलाने वाले अपराधियों का निकाला जुलूस

स्वतंत्र समय, कटनी

बीते दिनों कटनी रेलवे स्टेशन के बाहर पुराने विवाद के कारण गोली चलाकर दहशतगर्दी फैलाने वाले चार आरोपियों को कट्टे कारतूस सहित कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए चारों आरोपियों को शहर कोतवाल आशीष शर्मा दलबल के साथ मौकाएं वारदात पर लेकर पहुंचे और वहां से उन्हें पैदल ही दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर तक लेकर आए। इस बीच पकड़े गए चारों आरोपी नारा लगा रहे थे पुलिस हमारी बाप है अपराध करना पाप है। दहशतगर्दी करने वालों के खिलाफ पुलिस का यह एक्शन आम शहर वासियों के लिए एक सुखद संदेश देता है। घटना के सबंध में कोतवाल आशीष शर्मा ने बताया कि 19 सितंबर की रात्रि लगभग 11 बजे जी.आर.पी थाना के पास 3 अज्ञात बदमाशों ने देशी कट्टे से गोली चलाई है, जिससे एक व्यक्ति राहगीर घायल हुआ था। जो अभी उपचाररत हैं।

पैसे के देन की आपसी रंजिश

रंजन गोस्वामी उम्र 20 वर्ष निवासी बैलट घाट के मुताविक तरूण जाटव और रितेश दाहिया के खिलाफ शराब पीने के लिए अवैध रूप से पैसों की मांग करने और पैसा देने से मना करने पर चाकू मारकर चोट पहुंचाने व जान से मारने की धमकी देने की रिपोर्ट की थी। उसके बाद से ही तरूण व रितेश धमकी दे रहे थे कि रिपोर्ट वापस ले लो नहीं तो जान से खत्म कर देगें। कोतवाली में की गई रिपोर्ट पर धारा 296, 109 (1), 110, 3 (5) बीएनएस का पंजीबद्ध किया गया। उच्च अधिकारियों के मार्गदर्शन में कोतवाली निरी. आशीष कुमार शर्मा ने कोतवाली पुलिस के सहयोग से आरोपियों को चिन्हित कर गिरफ्तारी की गई।थाना प्रभारी कोतवाली द्वारा घटना की सत्यता के लिए घटनास्थल के आसपास लगे सी.सी.टी.व्ही कैमरों का अवलोकन कर आरोपी युवकों धर दबोचा गया। पकड़े गए सभी आरोपियों के विरूद्ध थाना जीआरपी व कोतवाली कटनी में गंभीर धाराओं के अपराध पंजीबद्ध होना पाए गए है।

महुदा एवं चोरभठी राशन वितरण में लोगों ने लगाए आरोप, जांच की मांग

स्वतंत्र समय, जैतहरी

जिले के जैतहरी तहसील क्षेत्र अंतर्गत आदिम जाति सहकारी समिति धनगवा पूर्वी के शासकीय उचित मूल्य दुकान महुदा एवं चोरभठी में राशन वितरण को लेकर ग्रामीणों द्वारा तरह-तरह के आरोप प्रत्यारोप लगाए जा रहे थे जिसकी जांच जिला खाद्य अधिकारि एवं अन्य कर्मचारियों द्वारा की गई है प्रबंधक ने उक्त कर्मचारियों को प्रथम दृष्ट्या निलंबित कर दिया है वहीं एसडीएम जैतहरी ने उक्त आरोपों का कारण बताओं नोटिस जारी किया है जिसका जवाब दिनेश द्वारा प्रस्तुत किया गया है। नोटिस मिलते ही अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) जैतहरी जिला अनूपपुर के समक्ष अपना जवाब प्रस्तुत किया है। जवाब पत्र में उल्लेख किया है कि कार्यालय क्रमांक 985 व 984 पीडीएस प्रकरणजारी कारण बताओ नोटिस में नियम अनुसार जवाब पत्र प्रस्तुत करने बावत। विक्रेता दिनेश राठौर ने लिखा है कि विनम्र निवेदन है कि मुझ प्रार्थी विक्रेता द्वारा जारी प्रकरण में कारण बताओ सूचना पत्र का नियम अनुसार जयाब पत्र प्रस्तुत कर करता हूँ, जैतहरी जिला अनूपपुर का निवासी हूँ। जो विभाग कृषि शाख सहकारी समिति मर्यादित धनगवाँ शाखा जैतहरी के अन्तर्गत उचित मूल्य दुकान ग्राम महुदा में विगत सात वर्षों से विक्रेता पद पर रहकर खाद्य सामग्री का वितरण ईमानदारी व निष्ठापूर्वक बिना किसी शिकायत के वर्तमान समय तंक करता आ राह हूँ।खाद्य आपूर्ति विभाग के कनिष्ठ खाद्य आपूर्ति अधिकारी द्वारा ग्राम महुदा के उचित मूल्य दुकान पर निरीक्षण के दौरान लगभग 02ः00 बजे दोपहर मेरे दुकान में मेरे तुलावटी कामता प्रसाद चौधरी की उपस्थिति व मेरे द्वारा माह के अन्तिम सप्ताह होने के कारण ग्राम के आवश्यक प्रभावित हितग्राहियों के खाद्यन्न संबंधित सम्पर्क में जाने के कारण दुकान में मुझे अनुपस्थित पाये जाने से मेरे निरीक्षण अधिकारी द्वारा प्रबंधक लैम्स शाखा धनगवां द्वारा कारण बताओ नोटिस के माध्यम से जवाब प्रस्तुत करने हेतु आदेशित की गई थी।

टीम चिंतामणि के सयोजक अभिषेक शर्मा ने चलाया सदस्यता अभियान

स्वतंत्र समय, जावर। जहां पूरे देश में भारतीय जनता पार्टी के सभी नेता व कार्यकर्ता भाजपा के नए सदस्य बनाने का कार्य कर रहे हैं वही घर-घर पहुंचकर भाजपा के नए सदस्य बनाने का कार्य कर रहा है वहीं अभिषेक शर्मा ने भी मुख्य बाजार जावर जोड़ में हर घर पहुंच कर एवं सभी व्यापारी साथी , किसान बंधु एवं युवाओं को भाजपा की सदस्यता दिलाई एवं उनको सरकार की जनहेतेशी योजनाओं के बारे में बताया।

वही अभिषेक ने बताया कि आज भारतीय जनता पार्टी से युवा वर्ग किसान मजदूर व्यापारी सभी जुड़ना चाह रहे हैं भारतीय जनता पार्टी का एक लक्ष्य है सबका साथ सबका विकास इस लक्ष्य के लिए भारतीय जनता पार्टी का शीर्ष नेतृत्व के साथ प्रत्येक कार्यकर्ता कार्य कर रहा है।हम सभी भारतीय जनता पार्टी के नेता सदस्यता अभियान में लगे हुए हैं अतः भारतीय जनता पार्टी विश्व का सबसे बड़ा राजनीतिक दल है जहां सभी का सम्मान होता है भारतीय जनता पार्टी का एक लक्ष्य है।

आशुतोष द्विवेदी सेवा संस्थान द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर में पहुंचे कंप्यूटर बाबा

स्वतंत्र समय, सतना

आज मझगवां में सुप्रीम कोर्ट के महाधिवक्ता व राज्यसभा सांसद विवेक तंखा के जन्मदिन के अवसर पर आशुतोष द्विवेदी सेवा संस्थान द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मझगवां में रक्तदान का आयोजन किया गया जिसमें दर्जनों युवकों ने उत्साह पूर्वक रक्तदान किया आशुतोष द्विवेदी सेवा संस्थान द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर में पूर्व कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त राष्ट्रीय संत महामंडलेश्वर कंप्यूटर बाबा भी पहुंचे जहां सेवा संस्थान परिवार द्वारा महामंडलेश्वर का व विकासखंड चिकित्सा अधिकारी डॉ रुपेश सोनी का साल हुआ श्रीफल भेंट कर स्वागत किया गया तत्पश्चात समस्त रक्तदाताओं को महामंडलेश्वर कंप्यूटर बाबा ने सुभाषित देते हुए राज्यसभा सांसद श्री विवेक तंखा के दीर्घायु की कामना की इस अवसर पर आशुतोष द्विवेदी सेवा संस्थान के प्रमुख आशुतोष द्विवेदी,रिटायर्ड कर्नल एन.पी शुक्ला,कांग्रेस नेत्री सीमा बागरी,कांग्रेस नेत्री हेमलता सिंह,अनिल यादव,ऋषभ पयासी,विनय गुप्ता,हरिशंकर द्विवेदी,राजेश मिश्रा,पुस्पेंद्र सेन,योगेश चतुर्वेदी,दीपेंद्र सिंह कैलासपुर,आशीष पाण्डेय,माया सिंह पनघटी,लकी साहू,पंकज पाण्डेय ने रक्तदान किया व अभय राज गौतम,सचिन भारती,ध्रुव पाण्डेय,रज्जन पाण्डेय वालंटियर के रूप में उपस्थित रहे।

स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत विभिन्न तालाबो की साफसफाई की गई

विधायक ने दिलाई स्वच्छता की शपथ

स्वतंत्र समय, शहडोल

मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद जिला शहडोल द्वारा आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम के अंतर्गत संचालित एमएसडब्ल्यू एवं बीएसडब्ल्यू की कक्षाओं का संचालन एवं स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत कार्यक्रम आज संभागीय मुख्यालय शहडोल के शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रघुराज क्रमांक 2 में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक जयसिंहनगर मनीषा सिंह ने मां सरस्वती के छाया चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक जयसिंहनगर मनीषा सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा स्वच्छता की सेवा अभियान चलाया जा रहा है , यह अभियान हर व्यक्ति को अपनी जिम्मेदारी समझने और स्वच्छता को अपने जीवन का हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित करता है। उन्होंने कहा कि स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाना हर नागरिक का कर्तव्य है और यह अभियान हमें अपने घर, गली और मोहल्लों को साफरखने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि जन अभियान परिषद की प्रस्फुटन समितियां एवं सीएमसीएलडीपी के छात्रों के द्वारा सहभागिता भी निभाई जा रही है। केंद्र सरकार एवं प्रदेश सरकार द्वारा देश, प्रदेश, जिले, गांव को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला समन्वयक जन अभियान परिषद विवेक पांडे ने कहा कि 2 अक्टूबर तक स्वच्छता पखवाड़ा मनाया जा रहा है जिसमें मुख्यमंत्री नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम अंतर्गत अध्यनरत विद्यार्थियों की महती भूमिका है अपने-अपने गांव में छात्र ब्रांड एंबेसडर के रूप में कार्य करते हुए स्वच्छता को जन-जन का अभियान बनाने के लिए कार्य भी कर रहे है । विधायक ने कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों को स्वच्छता की शपथ भी दिलाई। इस अवसर पर विकासखंड समन्वयक प्रिया सिंह बघेल सहित सूर्यकांत मिश्रा,रविकरण त्रिपाठी, डॉ. ओम नारायण त्रिपाठी, रविकांत द्विवेदी, योगेश त्रिपाठी एवं सर्व परामर्श सतीश तिवारी, जयप्रकाश काछी,राहुल द्विवेदी, श्वेता सिंह रघुवंशी,शिवम तिवारी मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम अंतर्गत ब्लॉक सोहागपुर में अध्यनरत छात्र एवं छात्राएं व अन्य लोग उपस्थित रहे।

120 तोतों के साथ पकड़ाया आरोपी, बिलापुर जा रहा था

स्वतंत्र समय, शहडोल

रेलवे पुलिस ने ट्रेन में तोते की तस्करी करते एक आरोपी को गिरफ्तार किया और वन विभाग के सुपुर्द कर दिया। आरोपी ने बताया कि वह कटनी से इन तोतों को खरीदकर बिलासपुर बिक्री करने जा रहा था। जिस पर वन विभाग ने तीन आरोपियों के विरुद्ध मामला दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया है। भोपाल बिलासपुर ट्रेन में पेट्रोलिंग के दौरान रेलवे पुलिस ने एक शख्स को पकड़ा, जिसके पास पिंजरे में 120 तोते थे, आरपीएफके अधिकारियों ने जब आरोपी से इसके वैध दस्तावेज की मांग की तो उसके पास कोई भी वैध दस्तावेज मौजूद नहीं थे। इसके बाद वन विभाग के अधिकारियों ने मामले पर अपराध दर्ज कर कार्रवाई की है। बताया गया कि भोपाल-बिलासपुर ट्रेन से यात्रा कर रहे अशोकनगर, बिलासपुर निवासी प्रकाश यादव पिता बली राम यादव उम्र 37 वर्ष के पास अवैध रूप से 02 जीआई तार के पिंजड़े में 120 नग तोतों के साथ पकड़कर पूछताछ रेलवे पुलिस थाना मे रखा किया गया था। रेलवे पुलिस द्वारा आरोपी प्रकाश यादव से 120 नग तोतों को पिंजड़े में रखा था।

स्वतंत्र समय

श्रीधाम-गाडरवारा-जबलपुर-करेली-बैतूल-छतरपुर-नरसिंहपुर-पन्ना/नर्मदापुरम

भोपाल 06

E-PAPER www.swatantrasamay.com

सोमवार 23 सितंबर 2024

कालाबाजारी करने वाले खाद विक्रेताओं पर हो एफआईआर, लायसेंस करें निरस्तः मंत्री राजपूत

स्वतंत्र समय, श्रीधाम

विगत दिवस नरसिंह भवन स्थित कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में राज्य शासन के खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग और जिले के प्रभारी मंत्री मा.गोविंदसिंह राजपूत की अध्यक्षता में जिला योजना समिति की बैठक आयोजित की गई,बैठक में सर्वप्रथम ज़िला अधिकारियों से परिचय प्राप्त करने के पश्चात उन्होंने खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति रबी की फसल तैयारी,खाद एवं बीज उपलब्धता महिला एवं बाल विकास विभाग स्वास्थ्य विभाग एवं अन्य विषयों की विस्तृत समीक्षा की,बैठक में नर्मदापुरम सांसद चौ. दर्शनसिंह जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती ज्योति नीलेश काकोड़िया तेंदूखेड़ा विधायक विश्वनाथसिंह पटेल गोटेगांव विधायक महेन्द्रनागेश अभिलाष मिश्रा,जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती अनीता राजेन्द्रठाकुर,कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले, पुलिस अधीक्षक श्रीमती श्रीमती मृगाखी डेका ज़िलापंचायत सीईओ दलीपकुमार अपर कलेक्टर श्रीमती अंजलीशाह सहायककलेक्टर शुभमकुमार यादव,योजना समिति के सदस्य अन्य जनप्रतिनिधि और जिला अधिकारियों की उपस्थिति में प्रभारी मंत्रीजी ने खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग की समीक्षा के दौरान निर्देशित कियाकि जिन पात्र हितग्राहियों व 80 वर्ष एवं उससे अधिक उम्र के व्यक्ति जिनके फ़िंगर प्रिंट नहीं मिलते हैं,उनके परिवार के अन्य सदस्य को नॉमिनी बनाकर उनके घर जाकर राशन प्रदान किया जाये,राशन वितरण का कार्य समय पर अनिवार्य रूप से हो,प्रभारी मंत्री ने कृषि विभाग की समीक्षा में रबी सीजन की फ़सल तैयारी और जिले में खादबीज उपलब्धता के संबंध में विस्तृत समीक्षा कर सख़्त निर्देश दियेकि जिले में खाद की काला बाजारी करनेवालों के खिलाफ सख़्त कार्रवाई की जाये,उपसंचालक कृषि को निर्देश दियेकि खाद की कालाबाजारी करनेवाले खाद विक्रेताओं पर त्वरित रूप से एफआईआर दर्ज कर उनका लायसेंस निरस्त किया जाये,उप संचालक कृषि डॉ.उमेशकटहेरे ने अवगत करायाकि जिले में खाद की कमी नहीं है,खाद की पर्याप्त उपलब्धता है,कृषि विभाग के अमले द्वारा खाद वितरण केंद्रों एवं दुकानों का निरीक्षण कर खाद की आवक एवं कषकों को वितरित खाद की मात्रा के रजिस्टर का भी मुआयना किया जा रहा है।

गन्ना एवं आंगनबाड़ी केन्द्रों की समीक्षा की

प्रभारी मंत्री राजपूतजी ने जिले में गन्ना की समीक्षा करते हुए सहायक संचालक गन्ना डॉ.अभिषेकदुबे को निर्देशित कियाकि जिन गन्ना किसानों सुगर मिलों द्वारा उनके गन्ने की फसल का भुगतान नहीं किया है, उसकी जाँच करवायें और शीघ्र भुगतान सुनिश्चित करवायें, महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा ज़िले में नवीन आंगनबाड़ी भवन निर्माण एवं अपूर्ण आंगनबाड़ी भवन की जानकारी बैठक में कहा कि अपूर्ण पुराने आंगनबाड़ी भवनों के प्रस्ताव बनाकर प्रेषित किए जाए।

स्वास्थ्य विभाग ने समीक्षा की

प्रभारी मंत्री द्वारा स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान मुख्यचिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.एपी सिंह ने आयुष्मान भारत निरामय योजना के बारे में बतायाकि ज़िले में अभी तक 96 प्रतिशत आयुष्मान कार्ड बनाये जा चुके हैं,आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत 70 वर्ष और उससे अधिक आयु के सभी वरिष्ठ नागरिकों के लिए 5 लाख रुपये तक के स्वास्थ्य कवरेज को मंजूरी दी है,उन्होंने निर्देशित किया कि जिले में इस उम्र के व्यक्तियों के कार्ड बनायें जाये,कोई भी व्यक्ति नहीं छूटे,स्वास्थ्य केंद्रों में मरीज़ों एवं स्टाफ की सुरक्षा के लिए पर्याप्त सुरक्षा के इंतज़ाम हो,आवश्यकता पड़ने पर स्वास्थ्य केन्द्रों में अतिरिक्त सुरक्षकर्मी को भी रखा जाये,रोस्टर अनुसार डॉक्टर्स एवं स्टाफ की ड्यूटी लगायी जाये,जिससे सभी स्वास्थ्य संस्थाओं में स्टाफ एवं अमला ड्यूटी पर मौजूद रहें।

समिति सदस्यों के प्रस्तावों पर हुई चर्चा

जिला योजना समिति की बैठक में समिति के सदस्यों ने जिले के करेली ओवर ब्रिज का नाम अटल सेतु राजमार्ग चौराहा का नाम अटल चौराहा,शासकीय हाईस्कूल मड़ेसुर का नाम ठाकुर निरंजनसिंह उप स्वास्थ्य केंद्र मुंगवानी का नाम वीरांगना रानी दुर्गावती उपस्वास्थ्य केंद्र,पीएम श्री उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मुंगवानी का नाम अमर शहीद शंकरशाह नयाखेड़ा बाँसादेही शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का नाम अटलबिहारी वाजपेयी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बहोरीपार का नाम ठाकुर निरंजनसिंह के नाम पर करने के प्रस्ताव पर भी चर्चा हुई,इस पर मंत्रीजी ने कहाकि जिन प्रस्तावों को ज़िला योजना समिति के माध्यम से स्वीकृत किया जा सकता है,उन्हें स्वीकृत किया जाएगा और अन्य प्रस्ताव जिन्हें शासन को भेजने कीआवश्यकता है उन्हें योजना समिति के माध्यम से शासन को प्रेषित किया जाएगा,प्रभारी मंत्रीजी ने कहाकि सभी अधिकारी कर्मचारी शासकीय कार्यजनता के प्रति दयाभाव व प्राथमिकता से करें,कोई भी पात्र हितग्राहियों को शासन की योजनाओं का लाभ देने में विलंब नहीं किया जाए और अनावश्यक आपत्ति लगाकर परेशान नहीं करें।

कार्यालय परिसर में सफाई कर आरटीओ ने दिया स्वच्छता का संदेश

जनजातीय छात्रावास का निरीक्षण कर बांटी प्रतियोगिता की किताबें

स्वतंत्र समय, नर्मदापुरम। रविवार को 'स्वच्छता ही सेवा' पखवाड़े के अंतर्गत आरटीओ श्रीमती निशा चौहान के साथ विभागीय टीम, रोहित गौर, स्थानीय वार्ड पार्षद श्रीमती मीना वर्मा, आरटीओ सलाहकारों तथा स्थानीय जन सहयोग के माध्यम से स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान सभी ने झाड़ू लगाकर अपना श्रम दान किया। इसके पश्चात सभी को आरटीओ कार्यालय के प्रांगण में एकत्र होकर स्वच्छता के लिए शपथ आरटीओ अधिकारी द्वारा दिलवाई गई। शपथ में कहा गया कि हमें अपने आस पास कभी भी गंदगी नहीं करना चाहिए और दूसरों को भी गंदगी करने से रोककर इससे होने वाले फायदे बताना चाहिए, स्वच्छता से वातावरण साफ एवं शुद्ध रहता है, बीमारियां नहीं फैलती है और सौंदर्य विकास होता है। इसलिए जीवन में हमेशा अपने आसपास साफ सफाई रखना और इसके लिए दूसरों को भी प्रेरित करते रहना चाहिए। शपथ ग्रहण के बाद आरटीओ श्रीमती चौहान द्वारा आरटीओ कार्यालय में 'एक पौधा मां के नाम' के अंतर्गत पौधरोपण किया गया।

जनजातीय छात्रावास का आरटीओ ने किया पुनः निरीक्षण

गत सप्ताह किए गए जनजातीय छात्रावास का आरटीओ श्रीमती निशा चौहान द्वारा पुनः निरीक्षण किया गया जिसमें प्राप्त समस्याओं का समाधान जांचा गया, छात्रावास में साफ सफाई बेहतर प्राप्त हुई। छात्रावास में भूतल स्थित शौचालय की मरम्मत करवा दी गई थी। छात्रावास में उपलब्ध छात्राओं को कैरियर काउंसलिंग प्रदान करने हेतु निर्देश दिए गए। जिला परिवहन अधिकारी द्वारा छात्राओं को प्रतियोगी परीक्षाओं कि तैयारी हेतु मार्गदर्शन दिया गया तथा क्यू आर कोड को स्कैन कर ऑनलाइन लेक्चर के सहारे भी तैयारी करना बताया गया। छात्राओं की मांग पर जिला परिवहन अधिकारी द्वारा पीएससी तथा अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु प्रतियोगी पुस्तकों का वितरण किया गया, छात्राओं द्वारा आरटीओ को स्मरण चिन्ह स्वरूप स्वयं के द्वारा बनाई गई कलाकृति भेंट की गई।

चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन

स्वतंत्र समय, दमोह। अग्रवाल महिला मिलन समिति द्वारा अग्रसेन जयंती के उपलक्ष्य में प्रतियोगिताओ का आयोजन अग्रवाल धर्मशाला अग्रसेन चौक में किया जा रहा है। जिसमे सबसे पहले 8 से 14 वर्ष के बच्चों की महाराजा अग्रसेन का चित्र बनाओ प्रतियोगिता रखी गई हैं। कार्यक्रम का आरम्भ अग्रसेन महाराज का माल्यार्पण व पूजन महिला मिलन की अध्यक्ष श्रीमती कंचन व पूर्व अध्यक्ष श्रीमती सुमित्रा ,श्रीमती कुसुम व श्रीमती तारामणि तथा पदाधिकारी उपाध्यक्ष सीमा ,कोषाध्यक्ष सपना,सचिव वीणा, सहसचिव रचना,सांस्कृतिक सचिव रश्मि,मीडिया प्रभारी सपना /मनोज तथा महिला मिलन की बहनों द्वारा किया गया। प्रतियोगिता में शानवी,अंश, शुभ, वैशाली, प्रिया, अदिति/स्वप्नेश,मानवी, अनिकेत, समृद्धि, स्वस्ति, पूर्णिमा,अदिति/ओमप्रकाश, आकर्ष ने भाग लिया।प्रतियोगिता के प्रायोजक पूर्व अध्यक्ष श्रीमती अनिता/ के .सी.अग्रवाल व गायत्री/कृष्ण कांत अग्रवाल हैं। बच्चों ने बहुत ही सुंदर अग्रसेन महाराज का चित्र बनाया।

अपनी मांगों को पूरा कराने अतिथि शिक्षक संघ ने भाजपा जिलाध्यक्ष को सौंपा ज्ञापन

स्वतंत्र समय, छतरपुर

रविवार को आजाद स्कूल अतिथि शिक्षक संघ द्वारा एक रैली निकालकर अपनी मांगों को पूरा कराने एवं विगत दिनों शिक्षा मंत्री द्वारा दिए गए बयान पर माफी मांगने को लेकर एक ज्ञापन मुख्यमंत्री के नाम भाजपा जिलाध्यक्ष को सौंपा है। मुख्यमंत्री के नाम भाजपा जिलाध्यक्ष को सौंपे गए ज्ञापन में अतिथि शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष रामऔतार कुशवाहा ने बताया कि 2 सितम्बर 2023 को शिवराज सिंह चौहान ने महापंचायत बुलाई थी और अतिथि शिक्षकों के लिए घोषणाएं की थी लेकिन महापंचायत में जो घोषणाएं की गई थीं उनका आज तक पालन नहीं हुआ है। आज अतिथि शिक्षकों ने मुख्यमंत्री के नाम भाजपा जिलाध्यक्ष को ज्ञापन दिया है और कहा है कि पूर्व मुख्यमंत्री द्वारा की गई घोषणाओं का पालन कराया जाए। श्री कुशवाहा ने बताया कि सभी अतिथि शिक्षक काली पट्टी बांधकर शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह का विरोध कर रहे हैं चूंकि हम शिक्षक है इसलिए काली पट्टी बांधकर विरोध जता रहे हैं। ज्ञात हो कि पिछले दिनों मप्र के शिक्षा मंत्री ने अतिथि शिक्षकों को मेहमान बताया था और कहा था कि अतिथि हैं तो क्या पर कब्जा करेंगे। श्री कुशवाहा ने कहा कि हमें ऐसे शिक्षा मंत्री की शिक्षा पर शक होता है। उन्होंने कहा कि शिक्षा मंत्री हमारे सब्र का इम्तिहान ले रहे हैं। ज्ञापन में उन्होंने कहा कि यदि 30 सितम्बर तक अतिथि शिक्षकों के आदेश लागू नहीं किए गए तो 2 अक्टूबर को भोपाल में हजारों अतिथि शिक्षक आंदोलन करेंगे जिसकी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी। इस पर अतिथि शिक्षक के पदाधिकारी व सदस्य मौजूद रहे।

हनुमानजी से भक्तों ने विनती कर भक्तिभाव से की महाआरती

स्वतंत्र समय, श्रीधाम। विगत दिवस स्थानीय श्री संकटमोचन हनुमान मंदिर में भक्तों ने भक्तिभाव से विभोर होकर श्री संकट मोचनजी के समक्ष अपनी विनती प्रस्तुत करते हुए कहाकि ÷सौंप दिया इस जीवन का सब भार तुम्हारे हाथों में,है जीत तुम्हारे हाथों में है हार तुम्हारे हाथों में,मुझमें है भेद यही मैं नर हूं तुम नारायण हो,मैं हूं संसार के हाथों में और संसार तुम्हारे हाथों में अबसौंप दिया इस जीवन का सब भार तुम्हारे हाथों में तत्पश्चात बजरंगसेना नर्मदाखंड महाआरती समिति के तत्वाधान में श्रीरामभक्त हनुमानजी की महाआरती पं.दीपकतिवारी के आचार्यत्व में अनिलअग्निहोत्री द्वारा पूर्ण वैदिक मंत्रोच्चारण व विधिविधान के साथ पूजनअर्चन कर संकटमोचनजी को लड्डू का भोग लगाकर भक्तों में प्रसाद वितरण किये जाने के पश्चात उपस्थित श्रद्धालुजनों ने सामूहिक रूप से श्री रामस्तुति श्री हनुमान चालीसा श्री हनुमानजी की महाआरती का गायन किया गया,गौरतलब हैकि श्री संकटमोचन हनुमान मंदिर महाआरती समिति द्वारा प्रत्येक शनिवार को हनुमान लला की संगीतमय महाआरती विगत 4 वर्षों से भी अधिक समय से एवं 249 वें सप्ताह से निरंतर जारी साप्ताहिक संगीतमय महाआरती के पश्चात समिति की भजन मंडली के सदस्यो द्वारा भजनों की अनुपम प्रस्तुति श्यामाचरण पाराशर कमलस्वामी एवं सहयोगियों के द्वारा करते हुए महाआरती संपन्न की गई।

इस अवसर पर नर्मदाप्रसाद गुप्ता दीपकसराठे बालू उमरे ऐकांतदुवे नीरजनेमा मुकेश चढार नारायण पटेल मुकेशपटेल दिनेश पटेल मुनीमसाहब विनोद साहूराजकुमार ठेकेदार हरनारायण ठाकुर रिंकू गुप्ता सुरेशशर्मा बटुक सेवक अक्षतसराठे मातृशक्ति स्नेहलता श्रीवास्तव मंजूगुप्ता श्रद्धागुप्ता विनीता गुप्ता निराशाशर्मा गीताशर्मा प्रीति भारद्वाज सुषमाउमरे लीलावती पटेल रुक्मिणी लोधी शैलीदीक्षित आराध्या दीक्षित राधिका वैष्णव संगीता पटेल अंजलि पटेल प्रिंसीपटेल अंशिका सरोज पटेल मीरा रजक कमलारजक प्रीतिठाकुर सहित बड़ी संख्या में नन्हेमुन्ने बच्चों की उपस्थिति सराहनीय रही।

358 किलो गांजा के 289 पेड़ जब्त, तीन आरोपी अरेस्ट

स्वतंत्र समय, छतरपुर। पुलिस द्वारा नशा मुक्ति अभियान के तहत निरंतर कार्यवाही की जा रही है। अवैध मादक पदार्थ गांजा, शराब, नशीली सामग्री जप्त कर आरोपियों को गिरफ्तार किया जा रहा है। विगत रात्रि थाना चंदला क्षेत्र के ग्राम सराई के पृथक पृथक खेतों में अवैध मादक पदार्थ गांजा के पेड़ होने की सूचना प्राप्त हुई। थाना चंदला पुलिस ग्राम सराई पहुंची। खेतों में अवैध मादक पदार्थ गांजा के छोटे बड़े पेड़ पौधे जब्त किए हैं। पुलिस ने बताया कि कमल सिंह की रखवाली वाले खेत से गांजा के कुल छोटे बड़े 101 नग पेड़ मिले। वहीं अतुल सिंह की रखवाली वाले खेत से गांजा के कुल छोटे बड़े 127 नग पेड़ मिले तथा कुलदीप सिंह की रखवाली वाले खेत से गांजा के कुल छोटे बड़े 61 नग पेड़ मिले हैं। कुल छोटे बड़े पेड़ 289 नग कुल मादक पदार्थ का वजन करीब 358 किग्रा एवं कीमत करीबन 20 लाख रूपये जप्त किया गया। पुलिस ने कमल सिंह बनाफर पिता कामता सिंह उम्र 33 साल, अतुल सिंह पिता शिवबालक सिंह उम्र 30 साल एवं कुलदीप सिह पिता इद्रपाल सिह उम्र 36 साल तीनों निवासी ग्राम सराई थाना चंदला जिला छतरपुर को गिरफ्तार कर अभिरक्षा में लिया है। आरोपियों के विरुद्ध थाना चंदला में धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट का अपराध पंजीबद्ध किया गया। विधिवत कार्यवाही कर अभियुक्तों को न्यायालय पेश किया जा रहा है। उपरोक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी चंदला निरी. कमल सिंह ठाकुर, उनि. शैलेन्द्र सिंह रावत, उनि धर्मेंद्र रोहित, सउनि किशोरीलाल वर्मा, प्रधान आरक्षक सत्येंद्र त्रिपाठी, प्रहलाद, आरक्षक धर्मेंद्र चतुर्वेदी, राजेन्द्र सिंह, छोटेलाल अहिरवार, अमित जाट, वलवीर राजपूत की भूमिका रही।

नलों से हो रहा गंदा पानी सप्लाई

लवकुशनगर। नगर परिषद के शासकीय नलों से इस समय गंदा पानी आ रहा है। यह पानी नगर के समीप बनी उर्मिल नदी से फिल्टर होकर आता है फिर भी इस समय पानी पीला और गंदा आ रहा है। लाखों रुपए खराब खर्च करने के बाद नगर परिषद अभी तक साफ पानी नहीं दे सका बीच-बीच में भी यह पानी कभी-कभी गंदा आता रहता है लेकिन अभी इस समय नलों से गंदा पानी आ रहा है और एक प्रतिशत भी यह पानी ऐसा नहीं लग रहा है कि फिल्टर होकर उर्मिल नदी से आ रहा हो। इस पानी को यदि लगातार पिया जाए तो आदमी बीमार हो सकता है। प्रत्येक महीने आम आदमी इन नलों का बिल भुगतान भी करता है बिल भुगतान करने के बाद भी नगर की जनता को शुद्ध व साफ पानी नहीं मिल रहा है लोग गंदा पानी पीने को मजबूर हैं।

नवरात्रि में रहेगी गरबा की धूम चौपाटी में चल रही प्रेक्टिस

स्वतंत्र समय, छतरपुर। पिछले डेढ़ दशक से अधिक समय से हिन्दू उत्सव समिति गुजरात के लोकनृत्य गरबा का आयोजन कराती चली आ रही है। विभिन्न संस्कृतियों एवं परंपराओं को समेटना ही भारत की विशेषता है। हिन्दू उत्सव समिति विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी गरबा महोत्सव का विशाल आयोजन करने जा रही है। नवरात्रि में गरबा नृत्य के माध्यम से माता की आराधना की जाएगी। चौपाटी में इसकी विधिवत प्रेक्टिस चल रही है। हिन्दू उत्सव समिति के अध्यक्ष पवन मिश्रा ने बताया कि विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी विशाल गरबा महोत्सव आयोजित होने जा रहा है। समिति दिन-रात इसके लिए कार्य कर रही है। इस महोत्सव के माध्यम से माता की आराधना करने के लिए युवक-युवतियों से लेकर महिलाओं में खासा उत्साह रहता है। पिछले एक सप्ताह से प्रेक्टिस चल रही है। पिछले वर्ष से और बेहतर करने के प्रयास में प्रतिभागी जुटे हुए हैं। बड़ी संख्या में नगर के साथ-साथ बाहर की बच्चियां महोत्सव में हिस्सा लेने के लिए आतुर हैं। श्री मिश्रा के मुताबिक लगातार पंजीयन चल रहे हैं। उन्होंने उन कलाकारों का आह्वान किया जो बुन्देली संस्कृति और संस्कारों को आगे बढ़ा रहे हैं वे भी महोत्सव के माध्यम से अपनी प्रस्तुति दे सकते हैं। ढिमरयाई, कछियाई सहित विभिन्न प्रस्तुतियों के लिए भी गरबा का मंच तैयार है। श्री मिश्रा ने बताया कि विद्यालयों से लेकर महाविद्यालय तक छात्राओं से महोत्सव में हिस्सा लेने के लिए संपर्क जारी है।

आप सबको स्वास्थ्य के लिए ऑर्गेनिक खेती से उपजे अनाज का करना होगा उपयोगः मुनिश्री

स्वतंत्र समय, श्रीधाम

नगर की पावनधरा पर स्थित श्रीदेव पार्श्वनाथ दिगंबर जैन पंचायती बड़ा मंदिरजी स्थित विद्याभवन स्थित प्रशांतसागर सभागार में 22 सितंबर रविवार को भगवान जिनेंद्रदेव का अभिषेक शांतिधारा किए जाने के उपरांत परमपूज्य निर्यापक श्रमण मुनिश्री108 श्री संभवसागर महाराजजी ने अपनी अमृतमय वाणी से धर्मसभा को संबोधित करते हुए कहा कि मनुष्य ऐसा प्राणी है जो एक जगह ठहर नहीं सकता वह परिवर्तन चाहता है,घर में रोज-रोज भोजन करते हुए भी वह चाहता है।

अब कहीं बाहर भोजन को चलना चाहिए वैसे भी इस जीव का कोई स्थान स्थाई नहीं है,घर का शुद्ध भोजन छोड़कर हम स्वाद परिवर्तन के लिए बाहर भागते हैं पर कभी विचार किया है कि आप वहां क्या खा रहे हैं,आजकल फास्ट फूड का जमाना है सब कुछ पैकिंग के रूप में प्राप्त हो रहा है आटा मसाला पैक आ रहे हैं पर क्या

वह है मर्यादित रह जाते हैं,हमने सुना है आजकल प्लास्टिक के चांवल भी आने लगे है जिसे चांवल में मिलाकर बेचा जा रहा है, अब आप सोचों आपके स्वास्थ्य के साथ कितना खिलवाड़ किया जा रहा है।

बड़ी-बड़ी कंपनी के मसाले भारत के विदेश में प्रतिबंधित कर दिए हैं, बताया गया है कि परीक्षण के दौरान उसमें जरूर से ज्यादा कीटनाशक पाया गया और आप सभी उन मसाले को बड़े स्वाद खा रहे हैं, केमिकल के द्वारा फलों को पकाया जा रहा है, जिसे हम स्वास्थ्यप्रद मानकर खा रहे हैं विचार करो हमारे शरीर के अंदर कितने रसायनकितने केमिकल प्रवेश कर रहे हैं और अपने शरीर के अवयवो को डैमेज कर रहे हैं जिसका परिणाम होता हैकि लोग बहुतायत में कैंसर के शिकार हो रहे है, बहुत सारे लोग हार्टअटैक एवं ब्लड प्रेशर के शिकार हो रहे हैं ।

40 साल पहलेडॉक्टर कहते थेकि घी मत खाओ डबल फिल्टर का तेल उपयोग करो और आज वही डॉक्टर कह रहे हैं,अपनी किचन से डबल फिल्टर तेल बाहर कर दो और गाय के घी का उपयोग करो आज सारा विश्व मोटे अनाज की ओर लौट रहा है वह अनाज जो पहले हमारे गांव में रचा बसा था पर समय ने उसके स्थान पर गेहूं आ गया है मैदा का आज बहुत उपयोग हो रहा है,पर जानते हो जो वह मैदा आपके शरीर के अंदर जाकरआंतों में चिपक जाता है और वह आपके स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव डालता है,हमारे शास्त्रों मेंबताया गया हैकि आपको कैसे रहना है कैसे चलना है कैसे खाना है और क्या खाना है अब आपको विचार करना हैकि आप क्या कर रहे हैं,आपको अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखना है और साथ ही साधु के स्वास्थ्य का भी ध्यान रखना है,आपको ऑर्गेनिक खेती से उपजे अनाज का उपयोग करना है मोटा खाओ और मोटा पहनों,अपने भोजनशाला में अपनी भोजन की थाली में थोड़ा सा परिवर्तन करके अपने परिवार को अस्वस्थ होने से बचा सकते हो,विद्याभवन स्थित प्रशांतसागर सभागार में परमपूज्य मुनिश्री की अमृतमयवाणी का रसपान करने बड़ी संख्या में श्रावकश्राविकाएं उपस्थितहोकर धर्मलाभ उठाकर अपने मानव जीवन का कल्याण कर रहे हैं।

स्वच्छता को बढ़ावा देने के लिए निकाली जनजागरुकता रैली

स्वतंत्र समय, आमला

स्वभाव स्वच्छता एवं संस्कार स्वच्छता के अंतर्गत एवं राष्ट्रीय सेवा योजना अंतर्गत समस्त स्टाफ की उपस्थिति में स्वच्छता संबंधित एवं पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण, नशा मुक्ति,एक पेड़ मां के नाम आदि विषयों पर चर्चा की गई, जिसमें बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया और और कार्यक्रम को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई। आज निकाय में चल रहे नगरपालिका के स्वच्छता ही सेवा अभियान अन्तर्गत सीएम राइस स्कूल आमला में स्वच्छता पर चर्चा कर स्वच्छता की शपथ लेने के पश्चात् रैली निकाली गई जिसमे आमला के शासकीय विभाग,जनअभियान परिषद संगठन और समूह के लोग उपस्थित थे, सभी के द्वारा शहर में भ्रमणकर प्रकृति के दुश्मन तीन पन्नी,प्लास्टिक और पॉलिथीन के रैली के मध्यम से नारे लगाए गए, बस स्टैंड पर सभी ने एक साथ नारे बाजी की गई और आमला वासियों को एकता के साथ स्वच्छता का संदेश दिया, कार्यक्रम में नगरपालिका आमला से स्वच्छता शाखा प्रभारी उल्लास जोशी, संजय साहू एवम जनअभियान परिषद के ब्लॉक समनव्यक अरविंद माथनकर जी, नितेश साहू, माँ रेणुका पर्यावरण विकास समिति के लखन यादव, अरविंद पाठनकर, छोटेलाल बामने ,रवि सोनपुरे, संध्या चौधरी सहित सभी छात्र-छात्राएं, आमला के शासकीय विभाग, संगठन और समूह के लोग उपस्थित थे।

सार-संक्षिप्त

श्री सदगुरू साईं भिक्षा झोली पालकी एवं पदयात्रा समिति की बनी नई कार्यकारणी

स्वतंत्र समय, पांढुर्णा। श्री सदगुरु साई भिक्षा झोली पालकी एवं पदयात्रा समिति जिला पांढुर्णा की नई कार्यकारणी का रविवार को विस्तार हुआ है। इस कार्यकारणी में संरक्षक के पद पर श्री शिरडी वाले साईं बाबा को बनाया गया है। ता की उनका आशीर्वाद हम सब पर सदैव बना रहे। नवनियुक्त समिति के अध्यक्ष रोशन उर्फ गोलू तहकीत द्वारा जारी समिति में उन नए साईं भक्तो को स्थान दिया है, जो इस पालकी यात्रा के दौरान तत्पर रहते है। नई कार्यकारिणी में अध्यक्ष रोशन उर्फ गोलू तहकीत, राजेंद्र भांगे उपाध्यक्ष, पवन तीडके सचिव, सचिन बाबुलकर, सह सचिव तुषार तहकीत, मनोज बोरीवार, कोषाध्यक्ष निखिल बोकड़े, अभिजीत वालसे, विधि सलाहकार राजू बालपांडे, राकेश शर्मा, व्यवस्थापन अधिकारी परिमल घोड़े, कैलाश बालपांडे, संगठन मंत्री मयूर बालपांडे, पवन कलबे, प्रचार मंत्री लंकेश लेंडे, मनोज कोल्हे, मीडिया प्रभारी काशीनाथ बालपांडे, सोशल मीडिया प्रभारी प्रमोद कोल्हे को नियुक्त किया।

सागौन की कटाई करते तीन तस्कर पकड़ाये

स्वतंत्र समय, पांढुर्णा। मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र की सीमा के मध्य बसे ग्राम लांघा में अवैध रूप से काटे जा रहे सागौन तस्करों को वन विभाग और राजस्व अमले ने रंगे हाथो पकड़कर माल मशरूका जब्त की गई। तीन आरोपियों पर वन अधिनियम की धाराओं के तहत अपराध दर्ज किया। मिली जानकारी के अनुसार वन परिक्षेत्र अधिकारी प्रभुराम मुझाला ने बताया की शनिवार दोपहर मुखबिर से मिली सूचना के उपरांत रामदास वाडिवा स्थानीय वन परिसर रक्षक, सोमेश काकोड़िया हल्का पटवारी, सुनील पराड़कर सुरक्षा श्रमिक, भुनेश्वर देशभ्रतार ग्राम कोटवार ने किसान गणेश खवसे के खेत में दबिश देकर सागौन की कटाई करते तीन महाराष्ट्र के युवकों को रंगे हाथो कटर मशीन के साथ पकड़ा।

फर्जी बिल भुगतान और भारी भ्रष्टाचार की चल रही है जांच, गुमशुदगी का मामला दर्ज

मां रेवा सहायता समूह की अध्यक्ष अलका काले हुई फरार, दो दिनों से पुलिस कर रही तलाश

स्वतंत्र समय, टिमरनी

मां रेवा स्व सहायता समूह की अध्यक्ष अलका काले एवं समूह के पदाधिकारीयों पर आंगनबाडी केन्द्र के बच्चों के नाम से फर्जी बिल निकाले जाने और समूह के नाम पर लाखों का भारी भ्रष्टाचार किए जाने पर नर्मदापुरम संभाग के कमिश्नर व महिला बाल विकास विभाग के संयुक्त संचालक द्वारा कई बिंदुओं पर कराई जा रही उच्च स्तरीय जांच से घबराकर विभाग के अधिकारियों को गुमराह करने तथा जांच को प्रभावित करने एवं मनगढंत कहानीया बनाते हुए पुलिस विभाग में कई लोगो की झूठी शिकायत कर पुलिस विभाग को आत्महत्या करने की धमकी देते हुए दो दिनों से फरार हो गई ओर अपना मोबाईल भी बंद कर लिया गया है जिसकी तलास स्थानीय पुलिस कर रही है ओर आखिरकार परिवार जनों से पुछताछ करने पर पुलिस ने गुमशुदगी का मामला दर्ज कर लिया है अब पुलिस उक्त महिला को तलास करने में जुटी हुई है। वहीं अन्य विभाग के अधिकारीयों को भी झूठी कहानी बनाकर फर्जी शिकायत करते हुए प्रशासन को बिना करण परेशान किया जा रहा है।

फर्जी आईडी बनाकर कर रहीं झूठी शिकायत

समूह की अध्यक्ष अलका काले द्वारा दो दिन से फरार होने के बाद एक फर्जी आईडी बनाकर अन्य नंबरों से मीडिया कर्मियों तथा पुलिस एवं अन्य विभाग के अधिकारियों को वाहटसॉप पर झूठी शिकायत एवं अत्महत्या कर लेने के मैसेज भेज रहीं है वहीं जानकारी मिली है की महिला के फरार होने के तुरंत बाद ही उसका पति योगेश काले भी बाहर जाने की बात कर नगर से कहीं बाहर चला गया है सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार दोनो पति पत्नि प्लानिंग कर फरार हो गए है ओर अपने निजि स्वार्थ को सिद्ध करने ओर फर्जीवाडे की जांच को प्रभावित करने को लेकर ऐसा कार्य किया जा रहा है। ओर अधिकारीयों के नंबरों पर फोन एवं वाहटसॉप पर झूठी शिकायते भेजी जा रहीं है।

यह है सारा मामला

मां रेवा स्व सहायता समूह द्वारा पिछले 3 सालो से लगातार प्रशासन को गुमराह कर आंगनबाडी केन्द्र के बच्चों के नाम से फर्जी बिल निकाले जाने ओर समूह के नियम विरूध तरीके से चलाने तथा बच्चों को प्रदूषित भोजन भेजने जैसे कई आरोप लगे है ओर उनकी जांच भी चल रहीं है वहीं पति के द्वारा पति को झुठे के चलते वह भी फरार हो गया ओर पति के द्वारा वाहटसॉप पर डाले गए स्टेटस को लोगो को भेज रहा है जिससे प्रशासन पर दबाव बनाने की कोशिश की जा रही है वहीं नगर के कुछ राजनैतिक लोग उक्त महिला को ऐसा करने की सलाह देने की जानकारी मिली है ताकी महिला की आड में कुछ राजनेता अपनी रोटी सैंक सकें। वहीं पुलिस भी मामले की जांच कर रही है।

अंतर्राष्ट्रीय योगासन 2.0 प्रतियोगिता में पांढुर्णा के युवाओं ने जीता मेडल

स्वतंत्र समय, पांढुर्णा

अंतर्राष्ट्रीय योगासन द्वितीय एशिया पेसिफिक प्रतियोगिता 2024 में पांढुर्णा जिले के साई सहगल, भारती सहगल, रेणुका कलम्बे, प्रथम वघाले, और खुशबू रेवतकर मेडल जीता। प्राप्त जानकारी के अनुसार अंतराष्ट्रीय प्रतियोगिता में 8 देशों ने भाग लिया थाईलैंड भारत- बांग्लादेश कंबोडिया, वियतनाम, मलेशिया, श्रीलंका, यूएसए ने भाग लिया था। जिसमें भारत का प्रथम स्थान रहा है। योग प्रशिक्षक विवेक भिसे ने बताया कि थाईलैंड में आगामी 16 से 20 सितंबर में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय योग प्रतियोगिता में जूनियर वर्ग में साई सहगल गोल्ड मेडल और सिल्वर मेडल प्रथम वघाले ने प्राप्त किया। इस तरह भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए बालिका वर्ग में जूनियर वर्ग में गोल्ड मेडल भारती सहगल, और सिल्वर मेडल रेणुका कलंबे को मिला और सीनियर वर्ग में खुशबू रेवतकर को गोल्ड मेडल प्राप्त हुआ। अंतरराष्ट्रीय योगआसन इंटरनेशनल फेडरेशन यूनिवर्सिटी योग स्पोर्ट योग लेंस के अध्यक्ष सुरेश कुमार जी और ज्योति पाल शिक्षा एवं आउटरूक निर्देशक यूनिवर्सल योग एवं योग लेंस के मार्गदर्शन में भाग लिया। पांढुर्ना के बच्चों ने बहुत अच्छा प्रयास करते हुए गोल्ड, सिल्वर एंड ब्रॉन्ज मेडल प्राप्त किया और इसी तरह भारती, रेणुका, साई, खुशबू, प्रथम इस सफलता से पांढुर्णा जिला का नाम एवं माता-पिता और उनके कोच विवेक भिसे का नाम रोशन किया।

स्टेट चैंपियनशिप में अनन्या को गोल्ड मेडल

स्वतंत्र समय, नर्मदापुरम। मध्य प्रदेश एथलेटिक्स एसोसिएशन द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय एथलेटिक्स चैंपियनशिप आयोजन 21 और 22 सितंबर को इंदौर में आयोजित हुआ जिस्म की जिला नर्मदापुरम से 18 बच्चों ने खिलाड़ियों ने सहभागिता दी। एथलेटिक्स एसोसिएशन की सचिव सुमन सिंह ने सभी खिलाड़ियों के लिए खुशी जताई और कहा कि हमारे यहां के खिलाड़ियों का प्रदर्शन दिन-व-दिन बेहतर होता जा रहा है। इस राज्य स्तरीय चैंपियनशिप में अन्यया स्वामी ने 60 मीटर में गोल्ड मेडल, लंबी कूद मे ब्रोंज मेडल, परी कुशवाह ने लॉन्ग जंप में गोल्ड मेडल लेकर नर्मदापुरम जिले का नाम रोशन किया है।

अमृत योजना को लेकर नगर में भारी विरोध, अध्यक्ष कर रहे मनमर्जी

स्वतंत्र समय, टिमरनी। अमृत योजना को लेकर नगर के नागरिक तो इंतजार कर ही रहे है की नगर परिषद अध्यक्ष कब जनसभा आयोजित कर रहें है लेकिन नागरिकों के साथ साथ अब तो परिषद के 9 पार्षद भी नगर परिषद अध्यक्ष द्वारा अमृत योजना को लेकर बुलाई जाने वाली नगर जनसभा के इंतजार में बैठे है ओर जनसमा बुलाने के लिए परिषद के पार्षद भी सीएमओं को ज्ञापन देकर जनसमा बुलाई जाने तथा जनसभा में अमृत योजना की पूर्ण जानकारी दी जाने की मांग कर चुके है तो वहीं कांग्रेस के पदाधिकारी भी अमृत योजना का भारी विरोध करते हुए जनता के बीच योजना की जानकारी दी जाने के लिए जनसमा बुलाने पर उतारू है। किन्तु न जाने नगर परिषद के अध्यक्ष देवेन्द्र भारद्वाज को आखिर किस बात का डर सता रहा है ओर जनसंभा को बुलाने से क्यों डर रहे है। आखिर 26 करोड़ की योजना पर स्वयं के निर्णय लेने ओर मनमर्जी से योजना लागू करना कहीं अध्यक्ष को ही भारी न पड़ जाये।

सूर्य अब 6 माह बाद पूर्व से उदित होकर अस्त होगा पश्चिम में : सारिका

स्वतंत्र समय, नर्मदापुरम

रविवार की शाम बेहद खास थी, सूर्य ठीक पश्चिम में अस्त हो रहा था और लगभग इस ही समय यह भूमध्य रेखा के ठीक उपर भी था। इस घटना को प्रायोगिक रूप से दिखाने नेशनल अवार्ड प्राप्त विज्ञान प्रसारक सारिका घारू ने छल्लों की मदद से अस्त होते सूर्य से ठीक पूर्व एवं पश्चिम दिशा को नामांकित किया। सारिका ने बताया कि रविवार को शाम 6 बजकर 13 मिनिट पर सूर्य भूमध्य रेखा के ठीक उपर पहुंचा। सितम्बर इक्वीनॉक्स की इस खगोलीय घटना में सूर्य सुबह सबेरे ठीक पूर्व दिशा मे उदित हुआ तथा शाम को ठीक पश्चिम दिशा में अस्त हुआ। सारिका ने बताया कि साल के बाकी 363 दिनों में सूर्य या उत्तर पूर्व में उदित होता है या दक्षिण पूर्व में।

कार्या. बहु. प्राथ. कृषि साख सह. समिति मर्या. हिवरा सेनाडवार

पंजीयन क्रमांक 470 दिनांक 31.12.1994
क्र./क्यू / आमसभा / 2024/ दिनांक- 15.09.2024

वार्षिक आमसभा की सूचना

आदरणीय महानुभाव,
बहु.प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्या हिवरा सेनाडवार पं.क्र.470 दिनांक 31.12.1994 तह. पालुरंना जिला छिंदवाड़ा की वार्षिक साधारण आमसभा दिनांक 29.09.2024 दिन-रविवार को दोप.11.00 बजे स्थान समिति कार्यालय भवन हिवरा सेनाडवार मे आयोजित की गई है अत: समिति के अंशधारी सदस्यो से निवेदन है कि समय एवं स्थान पर वार्षिक आमसभा में उपस्थित रहने की कृपा करे

- विषय सूची -
